डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



PG-5



PG-8

सिनेमाः-रणवीर सिंह से नाराज हैं दीपिका पादुकोण नहीं पकड़ा पति का हाथ तो लोगों ने पूछा- कुछ गड़बड़ तो नहीं है

वर्ष -09 अंक -22 | प्रयागराज ,शनिवार, 25, मार्च, 2023 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### अमित शाह ने 'सहकार समृद्धि सौध' की रखी आधारशिला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बेंगलुरु।** केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को 'सहकार समृद्धि सौध' की आधारशिला रखी। इसके अलावा कर्नाटक सहकारिता विभाग के 1,400 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन किया। अमित शाह ने कहा कहा, ठसहकार



समृद्धि सौधा, कृषि विपणन के लिए 67 एकड़ का मार्केट यार्ड, बिन्नीपेट एपीएमसी में 11 करोड़ रुपये की लागत से फूल उत्पादकों के लिए बाजार, यशवंतपुरा एपीएमसी में 8 करोड़ रुपये की लागत से बहुस्तरीय कार पार्किंग का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कर्नाटक दुग्ध महासंघ के तहत विभिन्न भवनों का भी आज उद्घाटन किया गया है। उन्होंने आगे जानकारी दी कि चिकबल्लापुर में 430 करोड़ रुपये की लागत से 100 मेगावाट समूह कैप्टिव सोलर पावर प्लांट और प्रियपटना में 140 करोड़ी की लागत से कैटल फीड प्लांट बनाया जा रहा है। इसके अलावा, 95 करोड़ की लागत से पैकेजिंग प्लांट और बेलगाम में छात्रों के लिए छात्रावास बनाया जा रहा है। केंद्र मंत्री ने आगे बताया कि यशवंतपुरा में 238 करोड़ रुपये की लागत से एक नया ऑक्सीजन प्लांट, बैंगलोर विकास प्राधिकरण की भूमिगत जल निकासी सुविधा और 31 करोड़ रुपये की लागत से बैंगलोर के बनशंकरी ब्लॉक में सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। 128 करोड़ रुपये की लागत से कई अन्य विकास कार्य भी किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत 182 करोड़ रुपये की लागत से कुंभलगोडु, रामोहल्ली, जलाहल्ली, चिकनहल्ली, चुनचनकुप्पे और कगलहल्ली जैसी पंचायतों में पेयजल की व्यवस्था की जा रही है।

# साल 2014 के बाद से देश में मेडिकल कॉलेज की संख्या हुई दोगुनी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत में मेडिकल कॉलेजों की संख्या वर्ष 2014 के बाद से लगभग दोगुनी हो गई है। बता दें कि इससे देश में मेडिकल एजुकेशन को बढ़ावा मिला है। केंद्र सरकार द्वारा जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मोदी सरकार के आठ वर्षों के कार्यकाल में मेडिकल कॉलेजों की संख्या लगभग दोगुनी हो गई है बता दें कि वर्ष 2014 से 2023 के बीच देश के मेडिकल कॉलेजों की संख्या में भी बड़ा इजाफा हुआ है। 2014 में देश में जहां 387 मेडिकल कॉलेज थे, वहीं अब ये बढ़कर 2023 में 660 हो गए है। वहीं, वर्ष 2014 में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (ंघ्घ्इए) की संख्या देश में कुल सात थी, जो आज बढ़कर 22 हो गई है।पिछले आठ सालों में मेडिकल एजुकेशन में पोस्ट-ग्रेजुएट सीटों की संख्या में वृद्धि हुई है। देश में आज कुल 65,335 पीजी मेडिकल सीटें हैं जो 2014 की तुलना में दोगुने से भी ज्यादा हैं। 2014 में भारत में 31,185 पीजी मेडिकल सीटें थीं। इसी तरह एमबीबीएस (शँ) सीटों की संख्या 2014 के 51,348 से बढ़ाकर आज 1,01,043 कर दी गई इस वर्ष जुलाई से पोस्ट-ग्रेजुएट (इ3)की पढ़ाई शुरू हो जाएगी, जिसको देखते हुए छात्रों को पढ़ाने के लिए विदेश से शिक्षकों को बुलाया जाएगा। इसकी जानकारी गोरखपुर एम्स के अध्यक्ष देश दीपक वर्मा ने दिया है। बता दें कि विदेश के अनेक देशों में शिक्षकों को छह साल के बाद एक साल का अवकाश दिया जाता है। जिसको देखते हुए इन सभी शिक्षकों से अनुरोध किया जाएगा कि उस अवकाश का उपयोग यहां एम्स में छात्रों का भविष्य संवारने में करें।दीपक वर्मा ने कहा कि पीजी की 16 सीटों की अनुमति मिली हैं, इसे और बढ़ाने की कोशिश की जा रही है। अगर इतनी सीट भी रही तो हर साल एम्स को 16 रेजिडेंट डाक्टर मिलेंगे, इससे उपचार व्यवस्था मजबूत होगी।



# बुजुर्ग दंपति की हत्या के 10 साल पुराने मामले में आरोपी को सजा-ए-मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**तिरुवनन्तपुरम।** केरल में कोट्टयम की एक स्थानीय अदालत ने 2013 में की गई बुजुर्ग दंपति की हत्या में दोषी पाए जाने पर 39 साल के एक व्यक्ति को मौत की सजा सुनाई कोट्टयम की स्थानीय अदालत के उनकी बेटियां विदेश में थीं। लेकिन उसने एक नृशंस हत्या की जिसे उचित नहीं ठहराया जा सकता है।स्थानीय अदालत ने दोषी पर 2 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है।साथ ही उसे लूटपाट के लिए घातक हथियार का



न्यायाधीश जे नासिर ने कोट्टायम में मणिमाला के पास पझायिडोम के मूल निवासी अरुण ससी को फांसी की सजा सुनाई है। वहीं,उस पर दो लाख रूपए का जुर्माना भी लगाया गया है लूट के इरादे से की दंपत्ति की हत्या साल 2013 में अरुण ससी ने अपने रिश्तेदार थंकम्मा (68) और उसके पति भास्करन नायर (71) की लूट के इरादे से हत्या कर दी थी। इस मामले में अदालत ने मौत की सजा सुनाते हुए कहा कि दोषी को बुजुर्ग दंपति की रक्षा करनी थी क्योंकि इस्तेमाल करने और मौत की सजा के अपराध को अंजाम देने के लिए घर में घुसने के लिए क्रमशः सात और पांच साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। दरअसल यह घटना 28 सितंबर 2013 की है। अरुण ससी ने पैसों के लालच के चलते पझायिडोम में एक सेवानिवृत्त पीडब्ल्यूडी अधीक्षक भास्करन और एक सेवानिवृत्त केएसईबी अधिकारी थंकम्मा की सिर पर हथौड़े से वार कर हत्या कर दी थी।

# पीएम मोदी आज बेंगलुरु में करेंगे नई मेट्रो लाइन का उद्घाटन, मधुसूदन साई इंस्टीट्यूट की देंगे सौगात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बेंगलुरु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज एक दिवसीय कर्नाटक दौरे पर रहेंगे। प्रधानमंत्री सुबह लगभग 10:45 बजे चिक्कबल्लापुर में श्री मधुसूदन साई इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च का लाइन के उद्घाटन के लिए वहां मौजूद रहूंगा। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि बेंगलुरु मेट्रो की वाइटफील्ड (कादुगोडी) से कृष्णराजपुरा मेट्रो लाइन यात्रियों को आने-जाने में आसानी को बढ़ाएगी और शहर में यातायात




उद्घाटन करेंगे। इसके बाद पीएम मोदी दोपहर करीब 1 बजे बेंगलुरु मेट्रो की वाइटफील्ड (कादुगोडी) से कृष्णराजपुरा मेट्रो लाइन का उद्घाटन करेंगे। साथ ही प्रधानमंत्री मेट्रो में सवारी भी करेंगे। पीएम मोदी ने अपने कर्नाटक दौरे के बाद में ट्वीट कर जानकारी दी। पीएम मोदी ने लिखा कि मैं 25 मार्च को कर्नाटक में रहूंगा, इस दौरान श्री मधुसूदन साई इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च का उद्घाटन किया जाएगा। इसके बाद बेंगलुरु मेट्रो की कृष्णराजपुरा मेट्रो की भीड़ को कम करने का भी काम करेगी। बता दें कि इस दौरान प्रधानमंत्री मेट्रो में भी सफर करेंगे। गौरतलब है कि कर्नाटक में विधानसभा चुनाव जल्द ही होने वाले हैं, प्रधानमंत्री ने पिछले दो महीनों में कई बार इस राज्य का दौरा किया है और कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज कर्नाटक का दौरा करेंगे। ऐसे में पीएम मोदी का कर्नाटक दौरा काफी मायने रखता है।

# भारत के अनुरोध के बावजूद पाकिस्तान वसूल रहा करतारपुर साहिब यात्रा पर शुल्क

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने गुरुवार को कहा कि भारत सरकार के जोर देने के बावजूद, पाकिस्तान श्री करतारपुर साहिब कॉरिडोर के माध्यम से गुरुद्वारा दरबार साहिब करतारपुर जाने वाले तीर्थयात्रियों से शुल्क वसूल रहा है। विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने कहा कि श्री करतारपुर साहिब कॉरिडोर के माध्यम से पासपोर्ट मुक्त गुरुद्वारा दरबार साहिब करतारपुर ) की यात्रा करने के लिए अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं। हालाँकि, 24 अक्टूबर, 2019 को भारत और पाकिस्तान के बीच हस्ताक्षरित द्विपक्षीय समझौते में कहा गया है कि तीर्थयात्री वैध पासपोर्ट पर यात्रा करेंगे। ने उपरोक्त टिप्पणी लोकसभा सांसद हरसिमरत कौर बादल के एक प्रश्न के जवाब में की, जिन्होंने पूछा था कि क्या सरकार के पास सिख तीर्थयात्रियों के लिए करतारपुर साहिब की यात्रा को पासपोर्ट-मुक्त बनाने की कोई योजना है, जो पूरे ग्लोब से पवित्र स्थल की यात्रा करना चाहते हैं।ने तीर्थयात्रियों की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए उठाए गए कई कदमों पर भी प्रकाश डाला, समझौता, अन्य बातों के साथ, भारतीय तीर्थयात्रियों के साथ-साथ भारत के प्रवासी नागरिक (ओसीआई) कार्डधारकों को भारत से पवित्र गुरुद्वारा दरबार तक वीजा-मुक्त यात्रा प्रदान करता है।पाकिस्तान में साहिब करतारपुर पूरे साल तीर्थयात्रियों की यात्रा की सुविधा के लिए, डेरा बाबा नानक शहर से जीरो प्वाइंट तक एक राजमार्ग और एक एकीकृत चेक पोस्ट (आईसीपी) सहित एक अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा भारतीय सीमा में बनाया गया है।मुरलीधरन ने अपने जवाब में हरसिमरत कौर बादल से कहा कि भारत के अनुरोध के बावजूद, पाकिस्तान हर यात्रा के लिए भारत से तीर्थयात्रियों से शुल्क लेता रहता है। भारत सरकार ने पाकिस्तान सरकार से लगातार आग्रह किया है कि तीर्थयात्रियों की इच्छाओं के सम्मान में, वह श्री करतारपुर साहिब कॉरिडोर के माध्यम से गुरुद्वारा दरबार साहिब करतारपुर जाने वाले तीर्थयात्रियों से कोई शुल्क या शुल्क नहीं वसूले। हालाँकि, पाकिस्तान प्रत्येक यात्रा के लिए प्रत्येक तीर्थयात्री पर 20 अमरीकी डालर का शुल्क लगाता है। तीर्थयात्रियों की गुरुद्वारा दरबार साहिब करतारपुर, पाकिस्तान जाने की सुविधा के लिए भारत गणराज्य की सरकार और इस्लामिक गणराज्य पाकिस्तान की सरकार के बीच एक समझौते पर 24 अक्टूबर, 2019 को हस्ताक्षर किए गए थे, ताकि लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा किया जा सके। 9 नवंबर, 2019 को इसके उद्घाटन के बाद से श्री करतारपुर साहिब कॉरिडोर का उपयोग लगभग 1,70,000 तीर्थयात्रियों द्वारा गुरुद्वारा दरबार साहिब करतारपुर जाने के लिए किया गया है। श्री करतारपुर साहिब कॉरिडोर सप्ताह के सभी सातों दिन खुला रहता है। संयोग से, हरसिमरत कौर बादल, जो उस समय मोदी कैबिनेट में मंत्री थीं, ने करतारपुर साहिब कॉरिडोर का दौरा करने वाले तीर्थयात्रियों के पहले प्रतिनिधिमंडल के साथ यात्रा की थी।



# खालिस्तान समर्थकों के ब्रिटेन में प्रदर्शन पर बोले जयशंकर भारत सुरक्षा के दो मानकों को स्वीकार नहीं करेगा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बेंगलुरु।** खालिस्तान समर्थक प्रदर्शनकारियों द्वारा ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग में भारतीय तिरंगा हटाने के प्रयास की घटना पर कड़ा रुख अपनाते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि भारत सुरक्षा के अलग-अलग मानकों को स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने ब्रिटेन पर उच्चायोग के राजनयिकों को सुरक्षा प्रदान करने के दायित्व को पूरा नहीं करने का भी आरोप लगाया, जिसकी अपेक्षा उस देश से की जाती है जहां उच्चायोग या वाणिज्य दूतावास स्थित होता है। बेंगलुरु दक्षिण के सांसद तेजस्वी सूर्या द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में जयशंकर ने कहा कि ध्वज और उच्चायोग की सुरक्षा पर उस देश का दायित्व है कि वह एक राजनयिक को अपना काम करने के लिए सुरक्षा प्रदान करे। उन्होंने कहा कि दूतावास या उच्चायोग या वाणिज्य दूतावास और उनके परिसर की सुरक्षा सुनिश्चित करना उस देश का दायित्व है, जहां वह स्थित हैं। इन दायित्वों को पूरा नहीं किया गया। ब्रिटेन में राजनयिकों और भारतीय प्रवासियों को खतरे के मुद्दे पर एक सवाल का जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि जिस दिन उपद्रवी उच्चायोग के सामने इकट्ठा हुए, उस दिन उच्चायोग में सुरक्षा व्यवस्था अपेक्षित मानकों को पूरा करने में विफल रही अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए एक राय होना जरूरी विदेश मंत्री ने कहा कि कई देश सुरक्षा लेकर बेहद लापरवाह हैं। उनकी अपनी सुरक्षा के बारे में अलग राय है और दूसरों की सुरक्षा के बारे में अलग राय है, लेकिन एक विदेश मंत्री के रूप में मैं आपको बता सकता हूं कि हम इस तरह के अलग-अलग मानकों को स्वीकार नहीं करने जा रहे हैं।



# विदेश में बैठे खालिस्तान समर्थकों पर होगी कड़ी कार्रवाई, केंद्र ने पंजाब सरकार से मांगी रिपोर्ट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** विदेश की धरती से भारत के खिलाफ प्रोपेगेंडा खड़ा करने और साजिश रचने वालों की अब खैर नहीं है। केंद्र सरकार ने बेहद सख्त रुख अपनाते हुए विदेश में बैठे खालिस्तान समर्थकों पर कड़ी कार्रवाई का फैसला किया है। अलगाववादी अमृतपाल सिंह के विरुद्ध पंजाब में कार्रवाई होने पर लंदन में भारतीय उच्चायोग पर प्रदर्शन व तिरंगे का अपमान करने वालों पर दिल्ली पुलिस ने मामला दर्ज किया है। केंद्र ने पंजाब सरकार से उन लोगों की पहचान करने को कहा है जो उपद्रव में शामिल थे। दोषी पाए जाने पर इनके पासपोर्ट रद किया जाएगा। पंजाब पुलिस भी विदेश में बैठे खालिस्तान समर्थकों के रिश्तेदारों और स्वजन पर शिकंजा कस सकती है। जरूरत पड़ी तो उन पर भी एफआइआर दर्ज की जा सकती है। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि 19 मार्च की घटना के बाद विदेश मंत्रालय ने अपने स्तर पर जांच की थी, जिसमें पता चला कि घटना में कुछ ऐसे लोग भी शामिल थे जिनके पास भारतीय नागरिकता है। जांच की रिपोर्ट गृह मंत्रालय को सौंपी गई फिर गृह मंत्रालय के निर्देश पर दिल्ली पुलिस ने गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान की रोकथाम (पीडीपीपी) की धाराओं के तहत एफआइआर दर्ज की है। स्पेशल सेल इस मामले में आइबी की मदद ले रही है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि प्रदर्शन में शामिल कई लोग भारतीय पासपोर्ट की मदद से ब्रिटेन पहुंचे और वहां देश विरोधी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस यह भी पता कर रही कि घटना से पहले भारत से कितने लोग लंदन गए थे। आशंका है कि उच्चायोग पर आयोजित प्रदर्शन में शामिल होने के लिए कई देशों से खालिस्तान समर्थक आए थे। इनमें कितने ऐसे लोग हैं जिनके पास भारतीय नागरिकता है उसकी जानकारी पुलिस जुटा रही है। इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित वीडियो से पता लगाया जा रहा है कि ये खालिस्तान समर्थक पंजाब के किस शहर और गांव के रहने वाले हैं। दर्जनभर लोगों की पहचान कर ली गई है। एक व्यक्ति जंडियाला गुरु के एक गांव का रहने वाला है। वीडियो में कुछ लोग तरनतारन, मजीठा, होशियारपुर और संगरूर के भी बताए जा रहे हैं।



# नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में बढ़ाई गई एफएसपीए की अवधि

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम, 1958 के तहत नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में अशांत क्षेत्र की स्थिति को छह माह के लिए बढ़ा दिया। मंत्रालय द्वारा जारी दो अलग-अलग अधिसूचनाओं में कहा गया है कि दोनों राज्यों में कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के बाद यह फैसला लिया गया है।मालूम हो कि सशस्त्र बलों के कर्मियों को अशांति वाले इलाकों में काम करने, तलाशी, गिरफ्तारी और सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक समझे जाने पर गोली चलाने की व्यापक शक्तियां देता है। इससे पहले भी केंद्र ने इन दोनों राज्यों में विशेष सशस्त्र बल कानून के तहत अशांत जिलों में इसकी अवधि को छह माह के लिए बढ़ा दिया था। गृह मंत्रालय ने नोटिफिकेशन जारी कर कहा कि केंद्र सरकार ने 1958 की शक्तियों का प्रयोग करते हुए अरुणाचल प्रदेश में तिरप चांगलांग और लोंगडिंग जिले, नमसाई और महादेवपुर पुलिस स्टेशनों के अधिकार क्षेत्र में आने वाले इलाकों में इसकी अवधि को बढ़ा दिया गया है। मालूम हो कि तीस सितंबर, 2022 को असम राज्य की सीमा से सटे इन इलाकों को अशांत क्षेत्र के रूप में नामित किया गया था। मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी में कहा गया है कि अरुणाचल प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करने के बाद यह फैसला लिया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक अन्य अधिसूचना में कहा कि केंद्र ने के तहत नगालैंड के नौ जिलों ओर 16 पुलिस थानों में इसकी अवधि को बढ़ा दिया है। केंद्र ने कहा कि नगालैंड में भी कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के बाद यह निर्णय लिया गया है।



# हाईकोर्ट में बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के मामले में हुई सुनवाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** हाईकोर्ट ने हड़ताल को लेकर अपनाया कड़ा रुख, विद्युत है,कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि बिजली कर्मियों की हड़ताल गलत कदम था,यह कोर्ट की अवमानना सरकार और बिजली कर्मचारियों के बीच बातचीत का सिलसिला चलते रहना चाहिए,पिछली सुनवाई



कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति से जुड़े नेताओं का एक माह का वेतन व पेंशन रोक लिया है,कोर्ट ने राज्य सरकार से हलफनामा मांगा है,हलफनामे में पूछा है कि कितने संघ हड़ताल में शामिल थे,हलफनामे में कोर्ट ने यह भी जानकारी मांगी है कि बिजली कर्मियों की हड़ताल से कितने राजस्व का नुकसान हुआ की श्रेणी में आता है,हालांकि कोर्ट ने कर्मचारी नेताओं को चेतावनी देकर छोड़ दिया,कोर्ट ने कहा कि भविष्य में ऐसी कोई हड़ताल ना हो,कोर्ट ने सरकार से यह भी पूछा है कि बिजली कर्मियों के खिलाफ दर्ज कराई गई पर क्या एक्शन लिया गया है,24 अप्रैल को होगी मामले की सुनवाई,कोर्ट ने कहा पर कोर्ट को बताया गया था कि 600 एफ आई आर दर्ज की गई है और वारंट जारी है,जनहित याचिका पर अधिवक्ता विभु राय द्वारा दाखिल अर्जी हुई सुनवाई,एक्टिंग चीफ जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर और जस्टिस एसडी सिंह की डिवीजन बेंच में हुई सुनवाई।

# भाजपा बूथ सशक्तिकरण अभियान में जसरा मंडल जिले में अव्वल

## जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं का किया अभिनंदन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**जसरा।** शुक्रवार को पंचायत भवन जसरा में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें भाजपा जिला मंत्री यमुनापार कमलेश त्रिपाठी ने जिले में पहला स्थान प्राप्त करने पर जसरा मंडल के कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया। श्री त्रिपाठी ने आगे कहा की जसरा मंडल के कार्यकर्ताओं ने दिखा दिया कि वह किसी मायने में अपने मंडल को पीछे नही रखना चाहते। कार्यक्रम में मौजूद जिला मंत्री बूथ सशक्तिकरण अभियान के मंडल प्रवासी जसरा प्रकाश शुक्ला प्रचंड ने भी मंडल अध्यक्ष सहित पूरी टीम को बधाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला ने किया व संचालन महामंत्री भूपेंद्र पाठक ने की। कार्यक्रम में आए हुए सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों का मंडल महामंत्री नीरज केसरवानी में अभिनंदन किया। कार्यक्रम में अंत में जिलाध्यक्ष यमुनापार विभवनाथ भारती के निर्देश पर जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी ने जिले में अव्वल आने पर मंडल अध्यक्ष सहित सभी कार्यकर्ताओं का मुंह मीठा कराया और बधाई दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान जसरा आशीष सोनकर, अवध बिहारी मिश्रा,आलोक द्विवेदी, अश्वनी द्विवेदी, अमरजीत पटेल, प्रवीण मालवीय, अभीषेक शुक्ला, अशोक तिवारी, अरुण मालवीय, वीरेंद्र पाठक, रवि साहू, अर्जुन विश्वकर्मा, राम सागर द्विवेदी, सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।




# नवरात्र के तीसरे दिन देवी मंदिरों में उमड़ी भीड़



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** चैत्र नवरात्र के तीसरे दिन देवी मंदिरों में जमकर भीड़ उमड़ी। देवी चंद्रघंटा के स्वरूप का दर्शन करने के लिए सुबह से श्रद्धालुओं का मजमा लगा रहा। अलोपशंकरी मंदिर, ललिता देवी मंदिर, कल्याणी देवी मंदिर में सुबह चार बजे भव्य शृंगार हुआ। गुड़हल के फूलों से मंदिर व देवी प्रतिमा को सजाया गया। भव्य आरती के बाद मंदिर परिसर को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। सुबह पांच बजे से ही मंदिरों के बाहर लंबी कतार लग गई। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया भीड़ और अधिक हो गई। माला-फूल, प्रसाद चढ़ाकर लोगों ने देवी का अर्चन किया।

# शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को अवश्य दिया जाय-प्रमुख सचिव गुणवत्ता से न किया जाय समझौता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** विकास भवन सभागार में जनपद के नोडल अधिकारी/प्रमुख सचिव ग्राम्य विकास हिमांशु कुमार की अध्यक्षता में जनपद में हो रहे विकास कार्यो के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी। अमृत सरोवर की समीक्षा में प्रमुख सचिव ने डीसी मनरेगा को निर्देशित किया कि अमृत सरोवर योजना के अन्तर्गत चिह्नित तालाबों का कार्य पूर्ण कर लिया जाये और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाय। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा में प्रमुख सचिव ने ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया कि सभी नवीन मरम्मत सम्बन्धी कार्यो को शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अन्दर गुणवत्ता सहित पूर्ण कर लिया जाये। निराश्रित गोवंश को संरक्षित किये जाने की समीक्षा में पाया गया कि गोवंश संरक्षित हो चुके है।प्रमुख सचिव ने निर्देशित किया कि गो आश्रय स्थलों पर पशुओं के लिये चारा, भूसा, पानी की सम्पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री आवास योजना की समीक्षा में परियोजना निदेशक डीआरडीए द्वारा अवगत कराया गया कि 686 आवास में से 550 आवास पूर्ण हो गये है जो आवास बचे हुये है वह आवास 15 से 30 अप्रैल तक पूर्ण कर लिये जायेगें।मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया कि गोल्डेन कार्ड की टाइमलाइन बना ली जाय जिससे गोल्डेन कार्ड जनपद में शत् प्रतिशत लाभार्थियों के कार्ड बन सके। दवाओं की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहे जिससे मरीजों को कोई भी परेशानी न होने पाये। इसी प्रकार उन्होने जनपद में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यो की समीक्षा एवं अधिकारियों को



आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होने अधिकारियां को निर्देशित किया कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को अवश्य दिया जाये, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये। इसी प्रकार प्रमुख सचिव ने जनपद में हो रहे विकास कार्यो के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की और कहा कि निर्माणपरक कार्यो में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाये, यदि किसी भी स्तर पर गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पायी जाती है तो सम्बन्धित अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित कर उनके विरूद्ध नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी, सभी परियोजनाओं का कार्य शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत गुणवत्ता सहित पूर्ण कर लिया जाये। बैठक में जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया,मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 जी0एम0 शुक्ला, जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र, परियोजना निदेशक डीआरडीए आर0सी0 शर्मा, डीसी मनरेगा इन्द्रमणि त्रिपाठी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश कुमार सिंह सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। कौशाम्बी अपडेट.... पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन मे एएसपी समर बहादुर, क्षेत्राधिकारी मंझनपुर योगेंद्र वृ़ष्ण,क्षेत्राधिकारी चायल श्यामकांत,क्षेत्राधिकारी सिराथू डा.के.जी सिंह व 11 थानों की संयुक्त पुलिस टीम ने दिनांक 24.03.23 को इनामिया/भगोड़ा/वांछित अभियुक्त अब्दुल कवी व वांछित अब्दुल वली पुत्र गण अब्दुल गनी नि0 गण भकन्दा की तलाश में दबिश दी।दबिश के दौरान ग्राम भकन्दा में पूर्व में गिरफ्तार अभियुक्त अब्दुल कादिर जो कि वांछित अभियुक्त अब्दुल कवि का सगा भाई था को सहयोग तथा शरण देने वाले 5 नफर अभियुक्तों के पास से कुल 8 अदद लाइसेंसी शस्त्र व एक अदद तमंचा अवैध रुप से बरामद हुए। गौरतलब है कि उक्त पांचों अभियुक्त का हथियारों के साथ प्रदर्शन और भय का वातावरण पैदा करने का फोटो अब्दुल कादिर के साथ पूर्व में विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलन की कार्यवाही में प्राप्त हुआ था **विवरण अभियुक्त गणः-** 1.निजामुद्दीन पुत्र अब्दुल मजीद नि0 ग्राम भकन्दा थाना सरायअकिल जनपद कौशाम्बी उम्र करीब 45 वर्ष 2. अजमल पुत्र जुल्फकार नि0 डिह्वा कटैया थाना सरायअकिल जनपद कौशाम्बी उम्र करीब 45 वर्ष 3. शाहिद उर्फ राजू पुत्र अब्दुल रशीद नि0 भकन्दा थाना सरायअकिल जनपद कौशाम्बी उम्र करीब 35 वर्ष 4. बिलाल पुत्र लियाकत अली नि0 बेरुई थाना सरायअकिल जनपद कौशाम्बी उम्र करीब 23 वर्ष 5. मो0 असलम पुत्र अब्दुल सलाम नि0 भकन्दा थाना सरायअकिल जनपद कौशाम्बी उम्र करीब 30 वर्ष **विवरण बरामदगी** 1.तीन अदद एँथ् बन्दूक 12 बोर 2.तीन अदद अँथ् बन्दूक 12 बोर 3.दो अदद रायफल 315 बोर 4.एक अदद तमंचा 315 बोर 5.12 बोर के कुल 69 अदद जिन्दा कारतूस 6.315 बोर के कुल 24 अदद जिन्दा कारतूस व सात अदद खोखा कारतूस।

# दबिश के दौरान गिरफ्तार अभियुक्त अब्दुल कादिर





**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन मे एएसपी समर बहादुर, क्षेत्राधिकारी मंझनपुर योगेंद्र कृष्ण,क्षेत्राधिकारी चायल श्यामकांत,क्षेत्राधिकारी सिराथू डा.के.जी सिंह व 11 थानों की संयुक्त पुलिस टीम ने दिनांक 24.03.23 को इनामिया/भगोड़ा/वांछित अभियुक्त अब्दुल कवी व वांछित अब्दुल वली पुत्र गण अब्दुल गनी नि0 गण भकन्दा की तलाश में दबिश दी।दबिश के दौरान ग्राम भकन्दा में पूर्व में गिरफ्तार अभियुक्त अब्दुल कादिर जो कि वांछित अभियुक्त अब्दुल कवि का सगा भाई था को सहयोग तथा शरण देने वाले 5 नफर अभियुक्तों के पास से कुल 8 अदद लाइसेंसी शस्त्र व एक अदद तमंचा अवैध रुप से बरामद हुए। गौरतलब है कि उक्त पांचों अभियुक्त का हथियारों के साथ प्रदर्शन और भय का वातावरण पैदा करने का फोटो अब्दुल कादिर के साथ पूर्व में विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलन की कार्यवाही में प्राप्त हुआ था..**विवरण अभियुक्त गणः-**1.निजामुद्दीन पुत्र अब्दुल मजीद नि0 ग्राम भकन्दा थाना सरायअकिल जनपद कौशाम्बी उम्र करीब 45 वर्ष 2. अजमल पुत्र जुल्फकार नि0 डिह्वा कटैया थाना सरायअकिल जनपद कौशाम्बी उम्र करीब 45 वर्ष 3. शाहिद उर्फ राजू पुत्र अब्दुल रशीद नि0 भकन्दा थाना सरायअकिल जनपद कौशाम्बी उम्र करीब 35 वर्ष4. बिलाल पुत्र लियाकत अली नि0 बेरुई थाना सरायअकिल जनपद कौशाम्बी उम्र करीब 23 वर्ष 5. मो0 असलम पुत्र अब्दुल सलाम नि0 भकन्दा थाना सरायअकिल जनपद कौशाम्बी उम्र करीब 30 वर्ष**विवरण बरामदगी...**1तीन अदद एँथ् बन्दूक 12 बोर2.तीन अदद अँथ् बन्दूक 12 बो3.दो अदद रायफल 315 बोर4.एक अदद तमंचा 315 बो5.12 बोर के कुल 69 अदद जिन्दा कारतूस6.315 बोर के कुल 24 अदद जिन्दा कारतूस व सात अदद खोखा कारतूस।






# अतीक गैंग की दोबारा तैयार होगी लिस्ट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** उमेशञ्पाल हत्याकांड के बाद जहां पुलिस अतीक अहमद के गैंग आईएस -227 मेंबर्स और शूटर्स जब गैंग के खिलाफ काम करने लगते हैं तो वह अपराधियों की लिस्ट में तो होते हैं पर उनका नाम गैंग से बाहर हो जाता है। आबिद का नाम





की तलाश कर रही है। वहीं, दूसरी तरफ वारदात के महज़ 15 दिन पहले अतीक का दाहिना हाथ कहे जाने वाले आबिद प्रधान का नाम लिस्ट से गायब है। इधर, उमेश पाल शूटआउट में शाइस्ता परवीन के साजिश में शामिल होने और उसके बेटे असद के गोली चलाने के बाद दोनों का नाम अतीक गैंग में शामिल करने की तैयारी है। पुलिस इस सूची को दोबारा अपडेट करने का फैसला किया है। एडिशनल पुलिस कमिश्नर आकाश कुलहरी का कहना है कि लिस्ट अपडेशन होता रहता है। कुछ लोग कैसे बाहर हुआ इसकी जांच कराएंगे। अतीक अहमद का गैंग चार्ट एक बार फिर से नए सिरे से बनाने की तैयारी है। उमेश पाल हत्याकांड की साजिश रचने और शूटर्स के साथ शाइस्ता परवीन की बैठकों में शामिल होने उनके साथ संबंध उजागर होने के बाद अतीक अहमद की बेगम शाइस्ता परवीन को भी अतीक के गैंग में बतौर मेंबर शामिल किया जाएगा।इसके अलावा उमेश पाल मर्डर केस को लीड करने वाला अतीक अहमद का बेटा आबिद जिनमें से कुछ सफेदपोश भी शामिल हैं।

# रमजान के पहले दिन बाजारों में उमड़ने लगी भीड़

## सुबह सहरी के लिए लोग तीन बजे ही उठे



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नैनी/प्रयागराज।** माह-ए-मुकद्दस रमजान के पहले दिन बाजारों में रोजेदारों की भीड़ जुटी। सुबह सहरी के लिए लोग तीन बजे ही उठ गए। घरों में पकवान बनाए गए और सहरी कर लोगों ने रोजा रखा। जुमे के दिन पहला रोजा होने के इसे अधिक मुबारक माना गया। सहरी के बाद से ही घरों में विशेष तैयारी शुरू हो गई। इसके बाद बाजारों में भी भीड़ जुटी। इफ्तारी के लिए खजूर, चने, दही आदि का इंतजाम किया गया। मुस्लिम बहुल इलाकों जैसे चौक, रानीमंडी, नखासकोहना, मोहत्सिमगंज, अटाला, रोशनबाग, करेली, करेलाबाग आदि इलाकों में सुबह से ही चहलकदमी दिखाई दी। दिन चढ़ने के साथ ही लोग बाजार में आते गए।

# बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन पहुंचे शालीमार गेट वे मॉल

## शालीमार गेटवे - शॉपिंग, व्यंजनों और जश्न का लुत्फ उठाने के लिए लखनऊवासियों का नया डेस्टिनेशन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**लखनऊ** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन शालीमार गेट वे मॉल के लॉन्च व मॉल में ही शीघ्र ही आरंभ होने वाले 6 स्क्रीन के मल्टीप्लेक्स मूवी मैक्स की घोषणा के अवसर पर लखनऊ में थे। इस अवसर पर शालीमार कॉर्प के डायरेक्टर श्री कुणाल सेठ, डायरेक्टर श्री जाहिद मसूद आदि मौजूद थे। शालीमार कॉर्प के निदेशक श्री कुणाल सेठ ने जानकारी देते हुए कहा कि आलमबाग बस स्टैंड और मेट्रो स्टेशन से सीधा जुड़ा हुआ शालीमार गेटवे शहर के बीचों बीच स्थित है। ये प्रदेश का पहला ऐसा मॉल है जिसमें मेट्रो से उतर कर सीधे मॉल में प्रवेश किया जा सकता है। ये पीपीपी माडल पर बना प्रदेश का पहला ऐसा प्रोजेक्ट है जिसमें बस अड्डा, मॉल, होटल और मल्टीप्लेक्स की सुविधा है। यहां एयरपोर्ट से ड्राइविंग कर केवल 20 मिनट में पहुंचा जा सकता है और हजरतगंज से मेट्रो की सवारी करके भी मॉल तक सुगमता से पहुंचा जा सकता है। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए कहा कि जल्द शुरू होने वाले 6-स्क्रीन मल्टीप्लेक्स मूवी मैक्स में करीब 1219 दर्शकों के बैठने की क्षमता है और ये मूवी-प्रेमी दर्शकों को सिनेमा देखने का एक अद्वितीय अनुभव प्रदान करेगा। इसके अलावा, मॉल के विशाल परिसर में 100 से अधिक कमरों वाला एक शानदार होटल भी शीघ्र ही आरंभ होने वाला है, जो बाहर



से आने वाले आगंतुकों और पर्यटकों को जरूरी व आरामदेह सुविधाओं के साथ ठहरने की आवश्यकताओं को पूरा करेगा। शालीमार गेटवे मॉल के 6 लाख से अधिक वर्ग फुट के स्पेस में अलग अलग सेगमेंट के फैशन और लाइफस्टाइल ब्रांड मौजूद हैं। मॉल के हर हिस्से को इस बारीकी के साथ डिज़ाइन कर सुनिश्चित किया गया है कि यहां आने वाले हर शॉपर को ख़रीदारी के साथ-साथ और भी आनंददायक अनुभव प्राप्त हों। मॉल में देश के प्रतिष्ठित रिटेल ब्रांड्स लाइफस्टाइल, वेस्टसाइड, ट्रेंड्ज़, सैमसंग, मैक्स, इंडियन टेरेन, बीबा, शुगर, लेंसकार्ट, मदर केयर, स्मार्ट बाज़ार, सफारी आदि के आउटलेट्स स्थित हैं। मॉल हमेशा व्यस्त रहने वाले आलमबाग जैसे क्षेत्र में आरामदेह पार्किंग के लिए जरूरी सुविधा भी प्रदान कर रहा है। शालीमार गेटवे परिसर में खरीदारी और आराम के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए मॉल में ड्यूल-लेवल पार्किंग सुविधा का निर्माण किया गया है, जिसे 800 से अधिक व्हीकल्स की पार्किंग करने के लिए बनाया गया है।

# प्रयागराज पंहुची अभिनेत्री रश्मिका ने फैंस के उत्साह को देख बोलीं

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** पहुंची पुष्पा फेम अभिनेत्री रश्मिका मंदाना बोलीं, वह पहली बार प्रयागराज आई हैं, फैंस के उत्साह को देखकर उन्होंने कहा इट्स अमेजिंग, अभिनेत्री रश्मिका को देखने के लिए उनके फैंस काफी उत्साहित दिखे। अभिनेत्री रश्मिका ने कहा कि यह गंगा किनारे का शहर है प्रयागराज अमिताभ बच्चन सर का शहर है यहां बहुत कुछ खास है अभिनेत्री ने कहा कि इस शहर के युवाओं में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है इस दौरान फैंस की डिमांड पर उन्होंने तेरी झलक अशरफी गीत पर डांस भी किया। सिविल लाइंस में एक निजी कार्यक्रम में आईं अभिनेत्री रश्मिका ने अपनी पुष्पा-दो समेत अन्य फिल्मों का जिक्र भी किया, लगभग एक घंटे बाद वह मुंबई लौट गईं।





# पुलिस का दावा - बिना नकाब के नही है अतीक की पत्नी का कोई फोटो, इसी का फायदा उठाकर वह भाग गई विदेश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** माफिया अतीक की बीवी शाइस्ता परवनी के विदेश भागने की आशंका जताई गई है। ऐसे में उसे विदेश जाने से रोकने के लिए लुक आउट नोटिस जारी किया जाएगा। इसके लिए पुलिस की ओर से तैयारी शुरू कर दी गई है उमेश हत्याकांड के मुकदमे में शाइस्ता भी अतीक समेत अन्य के साथ नामजद अभियुक्त है पुलिस का कहना है कि शाइस्ता परवीन की नकाब वाली फोटो ही सार्वजनिक हुई है, जबकि बेनकाब वाली तस्वीर के बारे में सभी को नहीं पता है। इसी का फायदा उठा फर्जी पासपोर्ट बनवाकर विदेश भाग सकती है। उमेश पाल हत्याकांड में अतीक गिरोह के गिरफ्तार पांच मददगारों से पूछताछ में पता चला कि अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन भी साजिश की सभी बैठकों में बराबर शामिल होती थी। उसने आखिरी बैठक में शूटरों से कहा था कि इंशाल्लाह, हमें उमेश को जान से मारकर कामयाब होना है। उसने शूटरों से कहा कि यह हक की लड़ाई है जिसे जीतना ही होगा। जो जीतेगा वही जी सकेगा। वह



ग्रुप काल में भी शामिल रहती थी। 24 फरवरी को उमेश पाल की हत्या के बाद उनकी पत्नी जया पाल ने धूमनगंज थाने में अतीक अहमद और अशरफ के साथ शाइस्ता परवीन को भी आपराधिक साजिश में नामजद अभियुक्त बनाया था। पुलिस जांच में शाइस्ता की भूमिका उजागर होती गई। अब तक गिरफ्तार अपराधियों के बयान से यह साबित हो चुका है कि शाइस्ता परवीन शुरू से ही इस सनसनीखेज वारदात के षड़यंत्र से जुड़ी रही है। अब मंगलवार को नकदी और दस हथियारों के साथ गिरफ्तार पांच लोगों से पूछताछ में भी शाइस्ता की कारगुजारियों के बारे में पता चला है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अतीक के घरेलू नौकर कैश अहमद तथा मुंशी राकेश कुमार उर्फ लाला ने स्वीकारा कि उमेश पाल के कत्ल के लिए चकिया वाले घर में शूटरों की बैठक होती थी। इस दौरान जेल में बंद अतीक और अशरफ भी ग्रुप वीडियो काल से जुड़ते और रेकी करने से लेकर गोली मारकर भागने के तरीके पर अपनी बात रखते थे। इन्हीं बैठकों के दौरान शाइस्ता बार-बार कहती रहती थी कि बहुत हो गया, अब इस काम को अंजाम देकर अपनी इज्जत वापस लानी है, हमारा नाम गूंजना चाहिए। उसे मारकर कामयाब होना है और इंशाल्लाह ऐसा होगा।

# श्री रामलीला समिति ने की हनुमान जयंती के सम्बन्ध में बैठक



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** सगरा सुंदरपुर बाजार में श्री नव दुर्गा पूजा समिति एवं श्री राम रामलीला कमेटी की एक बैठक कोषाध्यक्ष सर्वेश कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में हुई। इसमें दुर्गा पूजा एवं श्रीरामलीला कार्यक्रमोंको सकुशल सम्पन्न कराने की रणनीति तैयार की गई। इस बैठक में 6 अप्रैल को हनुमान जयंती पर पर किये जाने वाले कार्यक्रम पर भी चर्चा की गई। श्री हनुमान जयंती के आयोजक प्रदीप सिंह,राज किशोर शुक्ल, रवि जायसवाल,संजय मोदनवाल ने बताया कि हनुमान जयंती पर सुंदरकांड,शोभा यात्रा एवं भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। समिति ने लोगों से इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। इस मौके पर रामलीला के संयोजक रत्नाकर त्रिपाठी,महामंत्री कृष्ण शंकर जायसवाल,संरक्षक श्यामजी जायसवाल,रामसूरत त्रिपाठी, प्रहलाद मोदनवाल,प्रदीप जायसवाल,नंदलाल मोदनवाल, विवेक जायसवाल,आदर्श गुप्ता, शंभू मोदनवाल,बिजेंद्र जायसवाल आदि लोग मौजूद रहे।

सीधे प्रवेश

100% Placement

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र

15% Fee Concession

(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
(पहले आओ पहले पाओ)

- प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
- हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।





- कम्प्युटर आपरेटर (कोपा)
- डेटा इंट्री आपरेटर
- फायर सेफ्टी
- कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग
- इलेक्ट्रीशियन
- सीएनसी प्रोग्रामिगं
- इलेक्ट्रिक मैकैनिक

फिटर
वेल्डर
सीसीए
रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
सिक्योरिटी सर्विस
बेसिक कम्प्युटर
कम्प्युटर हार्डवेयर





Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com

प्रवेश हेल्पलाइन नं0
8081180306 , 9415608710 , 8103021873

⇨ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।

# थाना मेजा पुलिस व एसओजी यमुनानगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा हत्या के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** प्रयागराज थाना मेजा पुलिस व एसओजी यमुनानगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा दिनांक 13.02.2023 को मु0अ0सं0 48/23 धारा 302/120बी भादवि में वांछित अभियुक्त दिलशाद पुत्र नियाज उर्फ नियाजुद्दीन निवासी ग्राम खरवाई थाना देलूपुर जनपद प्रतापगढ उम्र 22 वर्ष को मेजा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल- 01अदद डण्डा बरामद कर किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है । **गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-** दिलशाद पुत्र नियाज उर्फ नियाजुद्दीन निवासी ग्राम खरवाई थाना देलूपुर जनपद प्रतापगढ, उम्र 22 वर्ष **सम्बन्धित अभियोग -** मु0अ0सं0 0048/23 धारा 302/120बी भादवि थाना मेजा प्रयागराज **बरामदगी का विवरण-** आलाकत्ल- 01 अदद डण्डा




**गिरफ्तार/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-** 1.प्र0नि0 ज्ञानेश्वर मिश्र थाना मेजा 2. उ0नि0 अखिलेश सिंह चौकी प्रभारी कोहड़ार 3. हे0का0 राजकुमार राय 4. हे0का0 अरविन्द चौबे 5. का0 जुबैर खाँ थाना मेजा कमिश्नरेट प्रयागराज 1. उ0नि0 रणजीत सिंह प्रभारी एसओजी यमुनानगर 2. हे0का0 अनिल सिंह 3. हे0का0 अमित राय 4. हे0का0 धर्मेन्द्र यादव एसओजी यमुनानगर 5. हे0का0 सुधांशु राय सर्विलांस सेल कमि0 प्रयागराज

# पडरछ प्रधान प्रतिनिधि द्वारा टूर्नामेंट मैच का किया आयोजित



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** विकास खंड चोपन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत पड़रछ में 15 दिवसीय मां अमिला टूर्नामेंट मैच का कार्यक्रम अमरेश यादव पड़रछ प्रधान प्रतिनिधि के नेतृत्व में आयोजित किया गया था जिसके क्रम में शनिवार को मां अमिला टूर्नामेंट मैच फाइनल क्रिकेट मैच खेला गया जिसमें चोपन की टीम विजई हुई उप विजेता झिरगाडंडी की टीम बनी और प्रथम विजेता टीम को 15 हजार रुपए नकद राशि व उप विजेता टीम को 75 सौ रुपए नकद राशि सहित सील्ड ट्राफी इस कार्यक्रम के संयोजक अमरेश यादव पड़रछ प्रधान प्रतिनिध ने देकर सम्मानित करते हुए सभी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और खिलाड़ीयों सहित उपस्थित सभी युवाओं को खेल के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर बिल्ली मारकुंडी प्रधान प्रतिनिधी अमरेश यादव ,पनारी प्रधान, लक्ष्मण यादव,गणेश यादव , धीरज,हरियोम, कमलेश,वी नन्द लाल,यादव, चोपन टीम के कप्तान, सतीश यादव, विमलेश यादव, लोग शामिल रहे।

# नाबालिग बच्चे की हत्या करने वाले दो आरोपीयो को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।**थाना शाहगंज क्षेत्रान्तर्गत कस्बा शाहगंज स्थित कब्रिस्तान में एक नाबालिक बच्चे की शव मिला है। उक्त शव की शिनाख्त कर मृतक की मां द्वारा दिये गये लिखित तहरीर के आधार पर थाना शाहगंज पर मु0अ0सं0 15/2023 धारा 302, 201 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया था। उक्त घटना में संलिप्त अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा एसओजी एवं थाना शाहगंज पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गयी अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी घोरावल के नेतृत्व में उक्त टीम द्वारा आज दिनांक 11.02.2023 घटना में संलिप्त 02 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1. धनेश पुत्र स्व0 बासदेव निवासी कस्बा, थाना शाहगंज, जनपद सोनभद्र 2. सुनील पुत्र लक्ष्मीनारायन निवासी कस्बा, थाना शाहगंज, जनपद सोनभद्र को टुटेर तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। **गिरफ्तार अभियुक्त-** 1- धनेश पुत्र स्व0 बासदेव निवासी कस्बा, थाना शाहगंज, जनपद सोनभद्र। 2- सुनील पुत्र लक्ष्मीनारायन निवासी कस्बा, थाना शाहगंज, जनपद सोनभद्र। **पुलिस टीम का विवरण-** 1- प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पाल, थाना शाहगंज, जनपद सोनभद्र। 2- निरीक्षक मो0 साजिद सिद्दीकी प्रभारी सर्विलांस, जनपद सोनभद्र। 3- निरीक्षक देवेन्द्र प्रताप सिंह, एसओजी प्रभारी, जनपद सोनभद्र। 4- उ0नि0 संजय सिंह, थाना शाहगंज, जनपद सोनभद्र। 5- हे0का0जगदीश मौर्या, हे0का0 अतुल सिंह, हे0का0 अमर सिंह, हे0का0 शशिप्रताप सिंह, का0 रितेश पटेल, का0 अजीत यादव, का0 सतीश कुमार सिंह स्वाट टीम/एसओजी टीम जनपद सोनभद्र। 6- हे0का0 राकेश कुमार यादव, हे0का0 राजीव मिश्रा, का0 रामेश्वर प्रसाद थाना शाहगंज, जनपद सोनभद्र।



# शासन के अमृत सरोवर तालाब योजना का हाल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देवसंगम ।** 39.09 लाख लागत से हो रहे निर्माण को के आते हैं। और इस निर्माण की हालत देख अफसोस भी जाहिर करते हैं। तब क्या ब्यौहारी क्षेत्र के युवा विधायक



और युवा एस0 डी0 एम0 गोदावल नाला देवसंगम गोदावल धाम के नीचे हो रहें तालाब निर्माण के साथ मिल कर ब्यौहारी जनपद लेकर उठ रहे सवाल पिचिंग कार्य में उपयोग किए जा रहे पत्थरों देख लोग हैरान, एस0 डी0 एम0 सहित क्षेत्रीय विधायक क्या लेंगे संज्ञान शहडोल ब्यौहारी से दुर्गेश कुमार गुप्ता कि रिपोर्ट ब्योहारी शासन की अमृत सरोवर तालाब योजना के तहत ब्यौहारी जनपद के मैर टोला ग्राम पंचायत के गोदावल नाला में लगभग 40 लाख लागत पर पर बन रहे तालाब की बुनियाद से लेकर अभी तक के निर्माण काम ही हालत को देख लोंग तकनीकी अधिकारियों की भूमिका पर सवाल खड़े करने के साथ जहां एक ओर हैंरानगी महसूस कर रहे हैं, वही अपनी ही सरकार में करोड़ो रूपयो की लागत पर हो रहें इस तरह के गुणवत्ता विहीन कार्यों को लेकर क्षेत्रीय विधायक सहित संगठन से जुड़े पदाधिकारियों के साथ स्थानीय प्रशासन की की गंभीरता पर भी सवाल उठ रहे हैं। कि आखिरकार इतनी भारी भरकम लागत राशि खर्च के बाद भी योजना का दीर्घ कालिक लाभ के साथ जिस तरह से गुणवत्ता हीन घुलनशील पत्थरों का उपयोग पिचिंग कार्य में उपयोग किए जा कर कार्य को अंजाम तक पहुंचाए जाने की योजना चल रही है। उससे इतनी भारी भरकम राशि खर्च के बाद भी तालाब और लोंगो के उपयोग का भविष्य क्या प्रबुद्ध जनो में चर्चाए ऐसी भी कि शासन की महत्वपूर्ण अमृत सरोवर तालाब योजना के तहत बनाए जा रहे गोदावल नाला पर इस तालाब निर्माण की दुर्दशा तालाब है जब हजारो लोग गोदावल धाम स्थित शिव स्थान हजारो लोग विभिन्न प्रकार क्षेत्र अन्तर्गत अमृत सरोवर तालाबों की कुल लागत उनकी हालत और व्यय की गई राशि पर गौर करेंगे। जिससे कई चुनाव साल में अपने ही सरकार की हो रही किरकिरी से बचा जा सकें! अन्यथा।

# व्यापारियों को दी जाने वाली 3 हजार रुपए की पेंशन को बढ़ाकर 30 हजार रुपए किया जाए- बनवारीलाल कंछल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** कोन ब्लॉक में आयोजित व्यापारी सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेने आए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश अध्यक्ष बनवारीलाल कंछल ने संगठन के जिलाध्यक्ष रतनलाल गर्ग के राबर्ट्सगंज स्थित आवास पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल द्वारा सभी विभागों के सर्वे छापों का कड़ा विरोध किया जायेगा। श्री कंछल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देते हुए कहा कि फिलहाल उनकी सरकार ने सर्वे छापों पर रोक लगा रखी है, लेकिन मेरा उनसे अनुरोध है कि उनकी सरकार को सभी विभागों के सर्वे छापों को बंद करने का कानून बनाना चाहिए। सर्वे छापों से बाजारों में भय का माहौल व्याप्त हो जाता है और जिस व्यापारी के यहां सर्वे छापे की कार्यवाही होती है उसका व्यापार चौपट होता है। प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने कहा कि करदाता व्यापारी का 10 लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा एवं दुकान के लूटने व जलने पर भी 10 लाख रूपये का बीमा कराया जाना चाहिए। मण्डी शुल्क बिहार एवं दिल्ली में नहीं है ऐसे में उत्तर प्रदेश के व्यापार को बचाने के लिए मण्डी शुल्क की दर एक प्रतिशत की जाये।



आधा प्रतिशत सेस समाप्त किया जाये एवं गेट पास के लिए कटने वाली पर्ची (आर एवं 9 आर को समाप्त किया जाये। व्यापारियों को दी जाने वाली 3000 रूपये की पेंशन बहुत कम है। इसे बढ़ाकर 30 हजार रूपये प्रतिमाह की जाये। प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल का गठन 23 सितम्बर 1973 को वाराणसी में सम्पन्न हुआ था। इसके उपरांत शनैः शनैः करके उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों, तहसीलों, नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों एवं छोटे बड़े सभी बाजारों में व्यापार मण्डल का मजबूत गठन किया गया है। इसी कड़े परिश्रम का परिणाम है कि आज प्रदेश के सभी जनपदों में लगभग 16 हजार से ज्यादा इकाईयां गठित हैं। आज उत्तर प्रदेश के 95 प्रतिशत बाजारों में व्यापार मण्डल का गठन है। हम बड़े गर्व के साथ कह सकते है कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल प्रदेश का सबसे बड़ा व्यापारिक संगठन है। 23 सितम्बर 2023 को व्यापार मण्डल के 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस अवसर पर व्यापार मण्डल द्वारा वर्ष 2023 में व्यापार मण्डल का स्वर्ण जयंती समारोह मनाने का निर्णय लिया गया है। व्यापार मण्डल के स्वर्ण जयंती के अवसर पर पूरे प्रदेश में व्यापारी सम्मेलनों के साथ-साथ भिन्न-भिन्न आयोजन भी किये जायेंगे। व्यापारी सम्मेलन में व्यापारियों की समस्याओं पर गहन मंथन किया जायेगा। व्यापारी सम्मेलन में पुराने-नये 50 व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों को सम्मानित भी किया जायेगा। प्रत्येक सम्मेलन में व्यापारियों को व्यापार मण्डल की उपलब्धियों एवं व्यापार मण्डल के बलिदानों से अवगत कराया जायेगा।

# फार्मासिस्ट के भरोसे चल रहा नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुरमुरा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डाला/सोनभद्र।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोपन अंतर्गत नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर नहीं होने से मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में फार्मासिस्ट के माध्यम से दवा दी जा रही है। मरीजों को मजबूरी में निजी चिकित्सकों को




दिखाना पड़ रहा है। यहां तैनात डॉक्टर का लगभग तीन महीने पहले कही और तबादला हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार जब डॉक्टर सीएचसी पर रहते थे तो प्रतिदिन लगभग 40 से 50 मरीज आते थे। लेकिन यहां पर तैनात चिकित्सक के गैर जनपद स्थानांतरण हो जाने के बाद मरीजों की संख्या घट गई। अब बमुश्किल 10 से 15 मरीज ही उपचार के लिए आ रहे हैं। आपको बता दूँ कि नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुरमुरा का यह क्षेत्र आदिवासी बहुल क्षेत्र हैं। इस क्षेत्र की आबादी लगभग बीस हजार आबादी की इलाज की जिम्मेदारी पीएचसी गुरमुरा पर है, जबकि यहां से लगभग बीस किमी दूर सीएचसी चोपन है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुरमुरा पर डॉक्टर का न होना गरीब आदिवासियों के लिए महज यह एक ढांचा बनकर रह गया क्योंकि रोजमर्रा की जीवन यापन करने वाले गरीब आदिवासियों को झोलाछाप डॉक्टरों का सहारा लेना पड़ता हैं जिससे उनके जीवन यापन पर अर्थ की मार झेलाना पड़ता हैं क्योंकि झोलाछाप से इलाज कराने में भारी रकम देनी पड़ती हैं जिससे उनकी अर्थ व्यवस्था चरमरा जाती हैं या पैसे के अभाव झाड़फूंक के चक्कर मे पड़ कर जाने गवा देते हैं। वही ग्रामीणों का कहना है कि गुरमुरा मेन हाइवे के बगल में बना यह अस्तपताल लोगों के लिए बड़ा महत्व रखता हैं क्योंकि आए दिन हो रहे घटना दुर्घटना में घायलों का प्राथमिक इलाज हो जाता हैं और इस क्षेत्र के लिए वरदान साबित होता हैं परन्तु डॉक्टर के न होने पर हम लोगों को झोलाछाप डॉक्टरों का सहारा लेना पड़ता हैं। आखिर स्वास्थ्य विभाग हम आदिवासी लोगो पर कब ध्यान देगी की यहां डॉक्टर परमानेंट रहे और कही इनकी ड्यूटी न लगा हो ताकि हमलोगों को झोलाछाप डॉक्टरों का सहारा न लेना पड़े।

# जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा नगर, जमकर उड़े अबीर-गुलाल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**रेणुसागर।** बुढ़वा मंगल पर अनपरा नगर में महावीरी झंडा शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। मनमोहक झांकियों के बीच अबीर-गुलाल उड़ाते लोग भक्ति गीतों पर जमकर थिरके। इस दौरान सुरक्षा में पुलिस फोर्स तैनात रही। महावीरी झंडा शोभायात्रा के संस्थापक सुरेंद्र वर्मा ने सोनारी गली स्थित दुर्गा मंदिर पर बजरंग बली की पूजा कर उनकी झांकी को फूलों से सजे रथ पर आसीन कराया। शोभायात्रा समिति के युवा सदस्य पहाड़ी वाले हनुमान मंदिर से झंडा लेकर शोभायात्रा में शामिल हुए, जो अनपरा बाजार होते हुए महावीर चौक पर पहुंचे। चौक से मुख्य झांकी के साथ बोके सिंह गली होते हुए परासी स्थित डीह बाबा के मंदिर पहुंचे। यहां भक्तों ने हनुमान जी की आरती उतारी। इसके बाद शोभायात्रा गली में भ्रमण कर सिनेमा रोड होते हुए महावीर चौक पहुंची। वहां से एक साथ कुल 25 झांकियां एक साथ निकली, जो अनपरा कॉलोनी होते हुए काशीमोड़, नेहरू चौक औड़ीमोड़ पहुंची। इसके बाद लैंको कॉलोनी गेट होते हुए कोलगेट, रेणुसागर कॉलोनी से अनपरा बाजार के वार्ड नंबर 11 भरत नगर स्थित रामजानकी मंदिर में झंडे को विसर्जित किया गया। शोभायात्रा में शामिल भक्त जय श्रीराम के जयकारे लगा रहे थे। सदस्यों ने तलवार व लाठी भांजकर एक से बढ़कर एक करतब दिखाए। इस दौरान अबीर-गुलाल उड़ाते हुए महिला-पुरुष भक्ति गीतों पर खूब थिरके। समिति के अध्यक्ष गोपाल गुप्ता, मनीष श्रीवास्तव, जगदीश बैसवार, नितेश सिंह, आशीष मिश्रा, विश्राम बैसवार, पिन्टू वर्मा, राजेश गुप्ता, दीपक सिंह, रविजीत सिंह कंग, शहजाद अली व अन्य मौजूद रहे। शोभायात्रा मे क्षेत्रीय समितियों ने एक से बढ़कर एक झांकियां सजाई। शोभायात्रा मे कुल 25 झांकियां शामिल थीं। मनमोहक झांकियों को देखने के लिए लोग घरों और छतों पर खड़े रहे। राधा-कृष्ण, हनुमान जी और देवी पार्वती, महाकाली और भगवान भोलेनाथ की टोली के साथ सभी झांकियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी।



इस बार झांकी मे धोती ग्रुप भी शामिल किया था। शोभायात्रा के रास्तों की सफाई के लिए नगर पंचायत के ईओ अंशुमान सिंह सोमवार की सुबह से ही अपने पूरी टीम के साथ लगे रहे। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर एएसपी कालू सिंह, पिपरी सीओ प्रदीप सिंह चंदेल, सदर सीओ आशीष मिश्रा, सीओ लाइन संजीव कटियार, अनपरा थानाध्यक्ष नागेश सिंह, रेणुसागर चौकी प्रभारी चंद्रभान सिंह, शक्तिनगर, बीजपुर, पिपरी, बभनी, विंढमगंज, हाथीनाला, पन्नूगंज थाने की फोर्स व दो प्लाटून पीएसी के जवान तैनात रहे। इस दौरान दुद्धी तहासीलदार बृजेश शर्मा, नायब तहसीलदार विशाल कुमार भी मौजूद रहे। शोभायात्रा के रास्ते को पूरी आगे खाली कराया जा रहा था। साथ ही सभी चौराहो और मोड़ पर पुलिस टीमों को तैनात किया गया था। इस दौरान शोभायात्रा के परियोजनाओं की एंबुलेंस और दमकल की गाड़ियां भी तैनात रहीं।

# जल निगम के अधिशासी अभियंता निलंबित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** हर घर नल योजना में लापरवाही मंगलवार को संबंधित अधिकारियों को भारी पड़ गई।



योजनाओं में हुई प्रगति का निरीक्षण कर जायजा लेने पहुंचे पहुंचे प्रमुख सचिव नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग अनुराग श्रीवास्तव ने मंगलवार को बड़ी करवाई की। योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही से नाराज प्रमुख सचिव ने जल निगम के अधिशासी अभियंता संदीप सिंह को निलंबित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने जागरूकता अभियान में लापरवाही और निरीक्षण के दौरान मौके पर मौजूद नहीं रहने पर जिले में कार्य कर रही सभी पांच एजेंसियों का अनुबंध समाप्त कर दिया।निरीक्षण के दौरान गांव में पानी की जांच के सवाल पर भी अधिकारी कुछ जानकारी नहीं दे सके। आशंका जताई जा रही है कि मिर्जापुर में हर घर नल योजना के तहत चल रहे कार्यों के औचक निरीक्षण में मिली कमियों की गाज मुख्य अभियंता और अधीक्षण अभियंता पर भी गिर सकती है। गांवों में घरों तक पाइप लाइन नहीं पहुंचाए जाने से प्रमुख सचिव काफी नाराज हुए। प्रमुख सचिव ने अहुंगी कला ग्राम समूह पेयजल योजना के निरीक्षण की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने ग्राम प्रधान और ग्रामीणों से बात कर वस्तुस्थिति की जानकारी ली। जल जागरूकता अभियान में भी लापरवाही की शिकायत मिली। धौहा ग्राम समूह पेयजल योजना के जल शोधन संयंत्र को भी उन्होंने देखा। साथ ही गांव में हुए कार्यों का निरीक्षण कर जायजा लिया। ग्राम प्रधान और ग्रामीणों से बात भी की। उन्होंने अधिकारियों से प्रत्येक योजना में पानी के परीक्षण के लिए प्रयोगशाला को व्यवस्थित तरीके से संचालित करने का निर्देश दिया। कहा कि प्रत्येक प्रोजेक्ट की साइट पर एक मैप लगाया जाना चाहिए, ताकि गांव-गांव किसी तरह से जलापूर्ति की व्यवस्था है, उसकी जानकारी हो सके। मैप में जल शोधन संयंत्र, टयूबवेल व पेजयल वितरण में लगे संसाधनों का पूरा ब्योरा हो शामिल होना चाहिए, ताकि जन सामान्य भी आसानी से योजना की पूरी जानकारी ले सकें। योजनाओं की समीक्षा के दौरान प्रमुख सचिव ने अधिकारियों से जिले की सभी नौ ग्राम समूह पेयजल योजनाओं में हुई प्रगति की जानकारी ली। प्रगति जानने के साथ ही जिन घरों में जलापूर्ति के लिए अब तक कनेक्शन नहीं हो पाए हैं, उसके लिए उन्होंने लक्ष्य भी निर्धारित किया। उन्होंने अब तक हुए कनेक्शन पर संतोष जताया। साथ ही अधिकारियों को योजना में विलंब होने पर कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहने की चेतावनी भी दी।

# अबैध डम्प बालू को वन विभाग ने किया सीज, मुकदमा दर्ज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**विंढमगंज सोनभद्र।** वन रेंज के अंतर्गत छत्तीसगढ़ व झारखंड के बॉर्डर पर कनहर नदी के किनारे बसा बैरखड ग्राम पंचायत में प्रतिदिन रात्रि को कनहर नदी से अवैध बालू का खनन करके परिवहन का धंधा जोरों पर चल रहा है इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर पहुंचे वन रेंजर इमरान खान ने चकबैरखड ग्राम पंचायत में शंभू चेरो व प्रमोद के घर के पास से लगभग 20 घन मीटर अवैध बालू को सीज करते हुए रेंज ऑफिस पर बालू को उठाकर ले गए तथा अज्ञात के खिलाफ 5/ 26 वन उपज अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज की है। गौरतलब है कि जहां शासन-प्रशासन जंगल से अवैध बालू, बोल्डर का खनन व परिवहन रोकने के साथ-साथ पेड़ों की कटान पर अंकुश लगाने के लिए कटिबद्ध है,वहीं बालू बोल्डर, सोलिग व पेड़ के कटान करने वाले माफिया पूरी रात कनहर नदी से अवैध बालू का खनन व परिवहन, जंगल में पहाड़ों से अवैध बोल्डर ,सोलिग के साथ-साथ जंगलों में इमारती व कीमती पेड़ों का कटान करने में बाज नहीं आ रहे हैं जिससे ये माफिया राजस्व का क्षति पहुंचाने के साथ-साथ पर्यावरण को भी प्रदूषित कर रहे हैं। इसी क्रम में वन रेंजर इमरान खान ने बताया कि बीती रात कनहर नदी से बालू खनन व परिवहन की शिकायत मिलने पर रात्रि भ्रमण करके, रोकने का प्रयास कर ही रहा था कि बैरखड ग्राम पंचायत के अंतर्गत चक बैरखड ग्राम पंचायत निवासी शंभू चेरो व प्रमोद के घर।



# पहले टी-20 मैच में अफगानिस्तान ने पाकिस्तान को चटाई धूल, 6 विकेट से जीता एकतरफा मुकाबला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में 24 मार्च को खेले गए पहले टी-20 मैच में



अफगानिस्तान ने 6 विकेट से जीत दर्ज कर इतिहास रच दिया है। मैच में पहले टॉस जीतकर पाकिस्तान टीम ने बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 92 रन बनाए। इसके जवाब में उतरी अफगानिस्तान टीम ने मोहम्मद नबी की दमदार पारी के चलते 17.4 ओवर में ही लक्ष्य हासिल किया और पाकिस्तान को 6 विकेट से करारी शिकस्त देकर टी-20 क्रिकेट की पहली जीत हासिल की। दरअसल, मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान टीम की बल्लेबाजी फ्लॉप नजर आई। टीम की तरफ से सलामी बल्लेबाज सईम अयूब 15 गेंदों का सामना करते हुए महज 17 रन ही बना पाए। वहीं, मोहम्मद हारिस 11 गेंदों पर 6 रन पर ढेर हुए। इसके बाद अब्दुल्लाह शफीक बिना खाता खोले ही पवेलियन लौटे। तय्यब ताहिर ने 16 रन बनाए। आजम खान भी शून्य पर पवेलियन लौटे। इस तरह पाकिस्तान टीम का टॉप आर्डर पूरी तरह से फ्लॉप रहा। टीम की तरफ से सबसे ज्यादा इमाद वसीम ने 32 गेंदों का सामना करते हुए 18 रन बनाए। उनके अलावा शादाब खान ने 18 गेंदों पर 12 रन बने। इन दोनों के अलावा कोई भी बल्लेबाज ज्यादा रन नहीं बना पाया और इस तरह से पाकिस्तान टीम निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 92 रन ही बना सकी। वहीं, अफगानिस्तान की तरफ से फजलहक फारुकी, मुजीब उर रहमान और मोहम्मद नबी ने 2-2 विकेट चटकाए, जबकि ओमरजाई, नवीन उल हक और राशिद खान को एक-एक सफलता मिली। इसके बाद 93 रनों का पीछा करते हुए अफगानिस्तान टीम की तरफ से सबसे ज्यादा रन मोहम्मद नबी ने बनाए। नबी ने 38 गेंदों का सामना करते हुए 38 रनों की नाबाद पारी खेली। उनके अलावा सलामी बल्लेबाज रहमानउल्लाह ने 16 रन और नजीबउल्लाह ने 17 रनों की अहम पारी खेलकर अफगानिस्तान टीम को 6 विकेट से जीत दिलाई। यह पाकिस्तान के खिलाफ क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में अफगानिस्तान की पहली जीत रही।

# पाकिस्तान के पूर्व खिलाड़ी को दिया गया था जहर, आखिर किसने रची थी करियर को तबाह करने की साजिश



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व खिलाड़ी इमरान नजीर ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। नजीर ने बताया है कि जब वह अपने करियर की बुलंदियों पर थे, तो उनको जहर दिया था। उन्होंने कहा कि उस जहर ने उनके ज्वाइंट्स पर बेहद बुरा असर किया और वह छह से सात साल तक परेशान रहे। नजीर ने बताया कि उनको मरकरी नाम का जहर दिया गया था, जो धीरे-धीरे आपके ज्वाइंट्स को खराब करता है। उन्होंने कहा, जब मेरा हाल ही में इलाज और एमआईआर हुआ, तो एक बयान जारी किया गया जिसमें बताया गया कि मुझे जहर दिया गया था। मरकरी, एक स्लो जहर होता है, जो आपके ज्वाइंट्स तक पहुंचता है और उनको खराब कर देता है। आठ से दस साल मेरे ज्वाइंट्स का इलाज चला। नजीर ने आगे कहा, ठइस वजह से मेरे सारे ज्वाइंट्स बुरी तरह से खराब हो गए, मैंने 6 से 7 साल संघर्ष किया। हालांकि, इसके बावजूद भी मैंने भगवान से प्रार्थना की कि मुझे प्लीज बिस्तर पर हमेशा के लिए ना लेटाए और मैं शुक्रगुजार हूं कि ऐसा मेरे साथ कभी नहीं हुआ। पाकिस्तान के 79 वनडे और 25 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेलने वाले नजीर ने कहा, ठमैं आसपास घूमा करता था, तो लोग पूछते थे कि आप तो सही लग रहे हैं। मैंने काफी सारे लोगों पर संदेह किया, लेकिन मैंने कब और क्या खाया इसका पता नहीं लगा सका, क्योंकि जहर ने एकदम से अपना असर दिखाना शुरू नहीं किया था। इन सबके बावजूद भी मैंने कभी भी किसी के लिए बुरा नहीं सोचा। इमरान नजीर ने पाकिस्तान के लिए 8 टेस्ट मैचों में 32 की औसत से कुल 427 रन कूटे। वहीं, 79 वनडे मैचों में पूर्व बल्लेबाज के बल्ले से 1,895 रन निकले। इस दौरान उन्होंने एकदिवसीय क्रिकेट में दो शतक और 9 अर्धशतक जमाए। वहीं, 25 टी-20 इंटरनेशनल मैच में उन्होंने 135 के स्ट्राइक रेट से 500 रन जड़े, जिसमें तीन अर्धशतक शामिल रहे।

# मैच में पिच से किसे मिलेगी मदद कैसा है मुंबई का मौसम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**मुंबई इंडियंस और यूपी वॉरियर्स के बीच आज मुंबई के डीवाय पाटिल स्टेडियम पर महिला प्रीमियर लीग का एलिमिनेटर मैच खेला जाएगा। दोनों ही टीमें जीत के लिए अपना एड़ी-चोटी का जोर लगाएंगी। जीतने वाली टीम फाइनल में प्रवेश करेगी, जहां उसका



मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से होगा। मुंबई और यूपी के बीच मैच का लाइव प्रसारण भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे होगा। टॉस आधे घंटे पहले होगा। मुंबई इंडियंस की कमान हरमनप्रीत कौर संभालेंगी। एलिसा हीली यूपी वॉरियर्स का नेतृत्व करेंगी। डब्ल्यूपीएल 2023 के लीग चरण के बाद प्वाइंट्स टेबल पर गौर करें तो मुंबई इंडियंस दूसरे स्थान पर रही जबकि यूपी वॉरियर्स तीसरे स्थान पर थी। याद दिला दें कि हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व वाली मुंबई इंडियंस ने सबसे पहले प्लेऑफ में एंट्री की थी, लेकिन बाद में उसके प्रदर्शन में गिरावट आई और वो अंक तालिका में दूसरे स्थान पर फिसल गई। मुंबई और यूपी के बीच मुकाबला रोमांचक होने की उम्मीद है। चलिए जानते हैं कि डीवाय पाटिल स्टेडियम की पिच से किसे मदद मिलेगी और मुंबई का मौसम क?या बयां कर रहा है। डीवाय पाटिल स्पोर्ट्स एकेडमी की पिच से बल्लेबाजों को मदद मिलती रही है। पिछले पांच मैचों में पहली पारी का औसत स्कोर 141 रन रहा है। यहां टॉस जीतने वाली टीम पहले गेंदबाजी करना पसंद करेगी। ऐसा इसलिए क्योंकि यहां ओस अहम भूमिका निभा सकती है। वैसे, यहां स्पिनर्स को भी मदद मिलने की उम्मीद है क्योंकि पिच थोड़ी धीमी है। मुंबई में आज का मौसम एकदम साफ रहने की उम्मीद है। दिन में तापमान 31 डिग्री सेलसियस तक रहने की उम्मीद है जो कि शाम के समय घटकर 24 डिग्री तक जा सकता है। यहां बारिश की संभावना नहीं है तो फैंस को पूरा एक्शन देखने को मिल सकता है। मुंबई में हवा 23 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने की उम्मीद है और उमस 55 प्रतिशत तक रहने की उम्मीद है। दोनों ही टीमों में कई ऐसी धाकड़ महिला खिलाड़ी मौजूद है, जो अपने दम पर मैच का रुख पलट सकती हैं।

# वॉन्ग ने हैट्रिक ले कर रचा इतिहास, मुंबई ने यूपी वॉरियर्स को हराकर फाइनल में बनाई जगह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में यूपी वॉरियर्स और मुंबई इंडियंस के बीच एलिमिनेटर मुकाबला खेला जा रहा है। पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई ने 182 रन का स्कोर बनाया है। सिवर-ब्रंट ने नाबाद 72 रन बनाए। अमीलिया केर ने 29 रन बनाए। सोफी एकलस्टन ने दो विकेट चटकाए। टॉस जीतकर यूपी वॉरियर्स नौ पहले गेंदबाजी करने का



फैसला किया। यास्तिका और मैथ्यूज ने तेज शुरुआत दी। मुंबई का पहला विकेट यास्तिका के रूप में गिरा। उन्होंने 21 रन की पारी खेली। मैथ्यूज और सिवर-ब्रंट को मैच के दौरान एक-एक जीवनदान मिला। मैथ्यूज इसका फायदा नहीं उठा पाईं। वह 26 रन बनाकर पार्शवी का शिकार बनीं। हालांकि, सिवर-ब्रंट ने 26 गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया। कप्तान हरमनप्रीत भी बड़ी पारी खेल पाने से चूक गईं। वह 14 रन बनाकर एकलस्टन की गेंद पर बोल्ड हो गईं। अंत में अमीलिया, सिवर और पूजा ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। सिवर 38 गेंद पर 72 रन बनाकर नाबाद रहीं। पूजा ने 4 गेंद पर 11 रन बनाए। मुंबई ने यूपी को जीत के लिए 183 रन का लक्ष्य दिया है। लक्ष्य का पीछा करते हुए यूपी की शुरुआत बेहद खराब रही। दूसरे ओवर में सेहरावत (1) रन बनाकर आउट हो गईं। अगले ही ओवर में कप्तान हीली भी 11 रन बनाकर वॉन्ग का शिकार बनीं। ताहलिया मैक्ग्रा ने बड़े शॉट लगाने के चक्कर में 7 के निजी स्कोर पर अपना विकेट गंवाया। ग्रेस हैरिस ने 14 रन का योगदान दिया। हालांकि, किरन नवगिरे ने एक छोर संभालते हुए 43 रन की पारी खेली। वॉन्ग ने ली हैट्रिक दीप्ति शर्मा ने 16 रन बनाए।

# मुंबई या सीएसके नहीं, बल्कि इस टीम का सोशल मीडिया पर है जलवा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) दुनिया के सबसे लोकप्रिय क्रिकेट टूर्नामेंटों में से एक





है। इस लीग को देखने का फैंस को बेसब्री से इंतजार रहता है। साल 2023 के आईपीएल सीजन का आगाज 31 मार्च से होना है, जहां 10 टीमों के बीच कांटेदार टक्कर देखने को मिली। इस लीग को पूरी दुनिया में इतनी लोकप्रियता क्रिकेट फैंस के द्वारा मिली है। फैंस को आईपीएल की रीढ़ की हड्डी माना जाता है, जिनके पूरे सपोर्ट के चलते खिलाड़ियों में आत्मविश्ववास बनता है और फैंस ही इस लीग को रोमांचक बनाते है। ऐसे में इस आर्टिकल के जरिए जानते हैं आईपीएल की 5 टीमों के बारे में जिनके सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा फॉलोअर्स है। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) आईपीएल इतिहास की दूसरी सबसे सफल टीम है, जो अब तक चार आईपीएल और दो चैंपियंस लीग टी20 के खिताब अपने नाम कर चुकी है। एमएस धोनी की अगुवाई वाली 'येलो आर्मी' सिर्फ क्रिकेट के मैदान पर ही नहीं बल्कि सोशल मीडिया पर भी काफी पोपुलर है। चेन्नई की टीम लगभग 33.1 मिलियन फॉलोअर्स के साथ इस लीग की सबसे लोकप्रिय टीम है। आईपीएल की सबसे चर्चित और सफल टीम मुंबई इंडियंस का नाम लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं। मुंबई टीम एक ऐसी टीम है जो अब तक के 15 सीजन में कुल 5 बार आईपीएल का खिताब अपने नाम कर चुकी है। टीम के मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा और पूर्व में महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के टीम में होने के चलते टीम की फैन फॉलोइंग काफी ज्यादा है। लिस्ट में तीसरे नंबर पर है विराट कोहली की पूर्व कप्तानी वाली आरसीबी टीम, जिसके सोशल मीडिया पर कुल 26 मिलियन फोलोअर्स है। हालांकि, आरसीबी टीन ने आईपीएल इतिहास में एक भी खिताब अपने नाम नहीं किया है। लिस्ट में चौथे नंबर पर है कोलकाता नाइट राइडर्स का नाम, जिन्होंने गौतम गंभीर की कप्तानी के दौरान साल 2012 और साल 2014 में आईपीएल का खिताब अपने नाम किया था। इस टीम के सोशल मीडिया पर लगभग 25.3 फॉलोअर्स है।लिस्ट में पांचवें नंबर पर है पंजाब किंग्स का नाम, जिन्होंने आईपीएल 2008 से लेकर अब तक एक भी बार खिताब अपने नाम नहीं किया है। इस टीम की मालिक प्रीति जिंटा के चलते भी टीम के सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स काफी ज्यादा है। टीम के कुल 14.2 मिलियन फॉलोअर्स है।

# सुरेश रैना ने गेंदबाजों की बखिया उधेड़ी, चौके-छक्के की बरसात करके टीम को दिलाई जीत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर सुरेश रैना ने लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी में अपने पहले ही मैच में बल्ले से तहलका मचा दिया। 36 साल के रैना ने इंदौर नाइट्स का प्रतिनिधित्व करते हुए नागपुर निंजास के गेंदबाजों के होश उड़ा दिए। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने केवल 45 गेंदों में 10 चौके और 4 छक?के की मदद से नाबाद 90 रन बनाए। सुरेश रैना तीसरे क्रम पर बल?लेबाजी करने उतरे और शुरुआत से ही अपने आक्रामक तेवर दिखाए। उन्होंने फिल मस्टर्ड (53) के साथ 114 रन की शतकीय साझेदारी की। इंदौर नाइट्स ने सुरेश रैना की तूफानी पारी की मदद से 20 ओवर में 209 रन बनाए। रैना के सामने नागपुर के गेंदबाजों पस?त नजर आए। वो समझ ही नहीं पा रहे थे कि किस दिशा में गेंदबाजी करें। 210 रन के लक्ष?य का पीछा करने उतरी नागपुर निंजास की शुरुआत बेहद खराब रही। रिचर्ड लेवी (13) और वीरेंद्र सिंह



(15) पावरप्ले में ही अपने विकेट गंवा बैठे। हालांकि, सतनाम सिंह ने स्थिति नियंत्रित करने की कोशिश की और 16 गेंदों में 32 रन बनाए, लेकिन यह पर्याप्त नहीं था।

# हार्दिक पांड्या की अगुवाई में टाइटल डिफेंड करने उतरेगी गुजरात टाइटंस देखिए टीम का फुल शेड्यूल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला 31 मार्च को खेला जाना है। जहां डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइटंस की भिड़ंत चेन्नई सुपर किंग्स से होगी। हार्दिक पांड्या की अगुवाई में गुजरात की टीम काफी बैलेंस नजर आ रही है और पिछले सीजन की तरह इस बार भी धमाल मचाने को बेकरार है। गुजरात टाइटंस का प्रदर्शन पिछले सीजन बेहद शानदार रहा था और हार्दिक पांड्या की अगुवाई में टीम ने पहले ही सीजन में खिताब पर कब्जा जमाया था। गुजरात ने ऑक्शन में केन विलियमसन और शिवम मावी और जोशुआ लिटिल को अपनी टीम से जोड़ा है। कागज पर गुजरात की टीम काफी संतुलित नजर आ रही है।





# राशिफल



**मेष-:**तली-भुनी चीजों से दूर रहें और नियमित व्यायाम करते रहें. घरेलू सुख-सुविधा की चीज़ों पर ज़रूरत से ज़्यादा खर्च़ न करें। पिता का तल्ख बर्ताव आपको नाराज़ कर सकता है।

**वृष-:**जीवन की सभी कठिन परिस्थितियों में आपको अपने माता-पिता का पूरा सहयोग मिलेगा. जो लोग प्रेम के मोर्चे पर मायूस महसूस कर रहे हैं।

**मिथुन-:**क्षणिक क्रोध विवाद और दुर्भावना का कारण बन सकता है. मनोरंजन और सौन्दर्य वृद्धि पर आवश्यकता से अधिक समय व्यतीत न करें।

**कर्क-:**आज सभी ग्रह और सितारे आपके पक्ष में हैं, आप जिस भी काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता जरूर मिलेगी. आज के दिन यात्रा की योजना बन सकती है।

**सिंह-:**आपकी इच्छा शक्ति को प्रोत्साहन मिलेगा, क्योंकि आप बहुत उलझी हुई परिस्थितियों से निकलने में क़ामयाब रहेंगे. भावनात्मक फैसले लेते समय अपनी तार्किकता को न छोड़ें।

**कन्या-:**प्रेम के मामले में सफलता मिलेगी. नए कार्यों की शुरुआत करना शुभ रहेगा। आज अपने प्रिय के साथ अपनी व्यक्तिगत भावनाओं और गोपनीय मामलों को साझा करने का सही समय है।

**तुला-:** जो लोग आपके पास कर्ज के लिए आते हैं, बेहतर होगा आप उन्हें नजरंदाज करें. पारिवारिक मोर्चे पर चीज़ें अच्छी रहेंगी और आप अपनी योजनाओं को पूरा समर्थन मिलने की उम्मीद कर सकते हैं।

**वृश्चिक-:**छात्रों के लिए दिन अनुकूल है क्योंकि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिल सकती है। जमीन-जायदाद संबंधी कार्य स्थगित करना आपके हित में रहेगा।

**धनु-:**इससे पहले कि नकारात्मक विचार मानसिक रोग का रूप लें, आपको उन्हें समाप्त कर देना चाहिए. आप किसी परोपकारी कार्य में हिस्सा लेकर ऐसा कर सकते हैं।

**मकर-:**लंबे समय से चली आ रही दिक्कतों से आज आपको छुटकारा मिल सकता है. आगे बढ़ने के बजाय अपने सभी आगामी कार्यों को पूरा करना ही समझदारी होगी।

**कुंभ-:**भावनात्मक रूप से बहुत अच्छा दिन नहीं रहेगा. आर्थिक समस्याओं के कारण आपको आलोचना और वाद-विवाद का सामना करना पड़ सकता है।

**मीन-:**आज आप सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे, जिसका असर आपके आसपास के लोगों पर भी पड़ेगा. खुद के काम से समय निकालकर परिवार के साथ अधिक समय बिताना संभव नहीं होगा।





# सम्पादकीय

## अंश को पूर्ण समझने की भूल खंडित विचार से राजनीतिक लाभ उठाने वालों से सामाजिक विभाजन का खतरा

तुलसीदास ने रामकथा पर आधारित रामचरितमानस सोलहवीं शताब्दी में लिखी थी। यह उत्कृष्ट काव्य है। करोड़ों हिंदू इसे धर्मग्रंथ जैसा सम्मान देते हैं। एक समय सूरीनाम, मारीशस, कंबोडिया और थाइलैंड आदि देशों में भारत से जाकर बसने वाले लोग रामचरितमानस की प्रतियां भी साथ ले गए थे। वहीं भारत में कुछ राजनेता मानस की कथित नारी अपमान एवं शूद्र संबंधी चौपाइयों को लेकर आक्रामक हैं। वे इसे जलाने या प्रतिबंधित करने की मांग कर रहे हैं। शूद्र शब्द भी इस विवाद का हिस्सा है। उनके वक्तव्यों से सामाजिक विभाजन का खतरा है। वे अगड़े-पिछड़े के विभाजन में राजनीतिक अवसर तलाश रहे हैं। इस प्रसंग में डा. आंबेडकर की पुस्तक 'हू वर शूद्राज' यानी 'शूद्र कौन थे' के उदाहरण प्रासंगिक हैं। इस पठनीय पुस्तक में डा. आंबेडकर ने सृष्टि और शूद्रों के उद्भव के संबंध में भारतीय ग्रंथों और पाश्चात्य विद्वानों के विचार निरस्त किए हैं। उन्होंने आर्यों को नस्लवादी और आक्रांता मानने, दास और दस्यु को□ आर्यों से भिन्न मानने से इन्कार किया। आर्यों की श्वेत नस्ल और दास एवं दस्यु को अश्वेत नस्ल नहीं माना। आर्यों की दासों और दस्युओं पर विजय, विजय के बाद दास बनाने एवं उन्हें शूद्र बनाने की बात भी गलत बताई। आर्यों में रंगभेद की भावना और आर्यों द्वारा चातुर्वण्य का निर्माण भी नहीं माना। रंगभेद का खंडन करते हुए उन्होंने ऋग्वेद से उद्धरण दिए कि, 'आर्यों में रंगभेद नहीं था। कुछ गोरे थे। कुछ काले थे। श्रीराम और श्रीकृष्ण श्याम वर्ण के थे। ऋग्वेद के ऋषि दीर्घतमस और कण्व श्याम वर्ण के थे।' आंबेडकर के अनुसार शूद्र शब्द पहले किसी वर्ण या वर्ग का सूचक नहीं था, बल्कि एक गण या समूह का नाम था। भारत पर सिकंदर के आक्रमण पर इतिहासकारों ने लिखा है कि, 'यहां के स्वाधीन गणराज्यों में सौदरि नाम का गण था। सौदरि गण सिकंदर से लड़ा था।' डा. आंबेडकर ने महाभारत और पुराणों का उल्लेख करते हुए कहा कि 'इसमें शूद्रों के गणसंघ का उल्लेख है। छांदोग्य उपनिषद में राजा जानश्रुति शूद्र थे। उन्होंने रैक्व ऋषि से वेदविद्या प्राप्त की थी। ऋग्वेद के एक ऋषि कवष ऐलूश शूद्र थे।' उन्होंने पूर्व मीमांसा के दार्शनिक जैमिनि, महाभारत, श्रौत सूत्र, कात्यायन श्रौतसूत्र आदि ग्रंथों का हवाला देते हुए लिखा है कि, 'शूद्र गण को सभी धार्मिक कर्मकांड करने के अधिकार थे।' शूद्र आर्य थे। शूद्र क्षत्रिय थे। आर्य समुदाय के अनेक प्रसिद्ध राजा शूद्र थे। डा. आंबेडकर ने कोलंबिया विश्वविद्यालय में जाति उत्पत्ति पर शोध में लिखा, 'जाति धर्म का नियम मनु द्वारा प्रदत्त नहीं है और न ही वह ऐसा कर सकता था। ब्राह्मण कई गलतियां करने के दोषी रहे हों, मैं कह सकता हूं कि वे ऐसे थे, किंतु जाति व्यवस्था को गैरब्राह्मणों पर लादने की उनकी क्षमता नहीं थी।' सभी प्राचीन ग्रंथ देश-काल और परिस्थिति के आधार पर लिखे गए। सैकड़ों वर्ष बाद उनके कुछ अंशों की संगति आधुनिक मूल्यों से भिन्न हो सकती है, मगर इसी आधार उन्हें खारिज नहीं कर सकते। बौद्ध ग्रंथ 'अंगुत्तरनिकाय चक्कतुनिपात' में उल्लेख है कि, 'स्त्री वर्ग संतापी, ईर्ष्यालु और बुद्धिहीन है।' मार्क्सवादी चिंतक डा. रामविलास शर्मा ने इससे उद्धरण दिए हैं, 'भिक्षुओं में इस बात की संभावना नहीं है कि स्त्री सम्यक, संबुद्ध हो। ऐसी संभावना है कि पुरुष अर्हत, सम्यक, संबुद्ध हो।' ऐसे विचार आधुनिक काल के संगत नहीं हैं। मूलभूत प्रश्न है कि क्या कुछ वाक्यों के आधार पर हम विख्यात बुद्ध दर्शन को खारिज कर दें। अंश के आधार पर पूर्ण का विवेचन नहीं हो सकता। विवेचन में देश-काल के प्रभाव का ध्यान रखना जरूरी होता है। महान संत कबीरदास के विचार काफी लोकप्रिय हैं। उनमें शंकराचार्य का अद्वैत दर्शन है, लेकिन नारी के विषय में कबीर का कथन है, 'नारी नसावे तीनि सुख जा नर पास होई/भक्ति मुक्ति निज ज्ञान में पैसि न सके कोई।' अर्थात नारी किसी पुरुष की निकटता में तीन गुणों का नाश करती है। भक्ति, मुक्ति एवं ज्ञान की क्षति करती है। 'नारी कुण्डा नरक का बिरला थांबे बाग/कोई साधू जन उबरै सब जग मुअन लाग।' भी कबीर ने रचा है, जिसके अनुसार नारी नरक का कुआं है। विरले ही इससे बच पाते हैं। शेष इसमें गिरकर मर जाते हैं। ऐसे उद्धरण आधुनिक संदर्भ में किसी को भी अनुचित लग सकते हैं, किंतु कबीर का मूल्यांकन ऐसे उद्धरणों के आधार पर नहीं किया जा सकता। इसी आधार पर उनकी निंदा भी नहीं की जा सकती। कबीर के तमाम दोहे एवं भजन प्रगतिशील विचारों से समृद्ध हैं।

## संदेह से परे हों न्यायिक नियुक्तियां न्यायपालिका ही न्यायाधीशों की नियुक्ति करेगी यह कल्पना से परे

न्यायिक नियुक्तियों पर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कलेजियम व्यवस्था बनाने और संसद द्वारा पारित राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग यानी एनजेएसी के गठन को गैर-संवैधानिक घोषित करने के मुद्दे पर विवाद और विमर्श दोनों जारी हैं। उपराष्ट्रपति



जगदीप धनखड़ और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने न्यायपालिका को न्यायिक लक्ष्मण रेखा का उल्लंघन न करने की सलाह दी है तो कानून मंत्री ने न्यायिक प्रक्रिया को पारदर्शी एवं उत्तरदायित्वपूर्ण बनाने के लिए सुप्रीम कोर्ट कलेजियम में केंद्र सरकार और उच्च न्यायालय कलेजियमों में राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों को शामिल करने के लिए पत्र भेजा। इससे कार्यपालिका और न्यायपालिका के मध्य विवाद का संकेत गया, लेकिन इसे इन संस्थाओं के बीच संवाद के रूप में भी देखा जाना चाहिए। न्यायमूर्ति एमसी छागला जब मुंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे तो उस दौरान वह तत्कालीन मुख्यमंत्री मोरारजी देसाई के साथ न्यायिक नियुक्तियों पर सैद्धांतिक असहमति के बावजूद प्रतिमाह चाय या रात्रि भोज पर संवाद करते थे। आज उस परंपरा को पुनर्जीवित क्यों नहीं किया जा सकता स्वतंत्रता तथा योग्यता के आधार पर निष्पक्ष न्यायिक नियुक्तियों को लेकर देश में सर्वसम्मति है। संविधान निर्माताओं की ऐसी कोई मंशा नहीं थी न्यायिक नियुक्तियों में किसी एक संवैधानिक संस्था का एकाधिकार हो। डा. आंबेडकर कल्पना ही नहीं कर सकते थे कि न्यायपालिका ही न्यायाधीशों की नियुक्ति करेगी और जनता को बताएगी भी नहीं कि किस आधार पर उनका चयन हुआ और क्यों कुछ को अस्वीकृत किया गया कलेजियम प्रणाली से जिस तरह नियुक्तियां हो रही हैं, उससे जनता के मन में शंकाएं उत्पन्न हो रही हैं। संभव है कि वे शंकाएं निर्मूल हों, किंतु पारदर्शिता के अभाव में उन्हें बल मिलता है।

# राष्ट्रपति ने बदले 13 राज्यों के राज्यपाल, हिमाचल असम, झारखंड समेत इन राज्यों में हुई तैनाती

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को बड़ा फेरबदल किया। असम, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, झारखंड, हिमाचल समेत 13 राज्यों के राज्यपाल और उप-राज्यपाल बदले गए हैं। राष्ट्रपति ने महाराष्ट्र में विवादों से घिरे भगत सिंह कोश्यारी और लद्दाख के उपराज्यपाल राधाकृष्णनन माथुर सहित कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राज्यपाल का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। इस खबर में विस्तार से जानिए इनका परिचय- तमिलनाडु भाजपा के प्रमुख नेता रहे सीपी राधाकृष्णन झारखंड के 11वें राज्यपाल बने हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को उन्हें झारखंड के राज्यपाल के पद पर नियुक्त किया। 65 वर्षीय सीपी राधाकृष्णन वर्तमान में भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य हैं। कोयंबटूर संसदीय सीट से राधाकृष्णन दो बार लोकसभा सदस्य निर्वाचित हो चुके हैं। 48 वर्षों से आरएसएस व भाजपा से वह जुड़े रहे और तमिलनाडु भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं। बता दें कि राधाकृष्णन अखिल भारतीय कॉयर (नारियल के छाल से निकला फाइबर) बोर्ड के अध्यक्ष भी थे जो भारत सरकार के एमएसएमई क्षेत्र के अंतर्गत आता है। वहीं झारखंड के वर्तमान राज्यपाल रमेश बैस को महाराष्ट्र का राज्यपाल नियुक्त किया गया हैं। बता दें कि बैस को यह उनके बेहतर कार्य का पुरस्कार मिला है। वह भगत सिंह कोश्यारी का स्थान लेंगे, जिन्होंने नवंबर माह में ही अपने पद से इस्तीफा दे दिया था और राष्ट्रपति ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। रमेश बैस का राजनीतिक सफर निकाय चुनाव से हुआ था। वह अटल बिहारी वाजपेयी के मंत्रिमंडल में भी शामिल हो चुके हैं। बीजेपी ने 2019 में रमेश बैस को लोकसभा चुनाव का टिकट देने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद उन्हें त्रिपुरा का राज्यपाल बनाया गया था। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता





गुलाबचंद कटारिया को असम के राज्यपाल की जिम्मेदारी दी गई है। वे आठ बार विधायक रह चुके हैं। अपनी नियुक्ति पर उन्होंने कहा कि वह 'ईमानदारी से जिम्मेदारी निभाएंगे।' गुलाब चंद कटारिया ने कहा, 'मेरी पार्टी ने हमेशा मुझ पर अपना भरोसा दिखाया है।' जब भी पार्टी ने मुझे जो भी जिम्मेदारी दी है, मैंने अपनी पूरी क्षमता से उसे निभाने की कोशिश की है।' वर्तमान में आंध्र प्रदेश के राज्यपाल बिस्वा भूषण हरिचंदन को छत्तीसगढ़ का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। वह अनुसुइया उइके का स्थान लेंगे। छत्तीसग.के नए राज्यपाल हरिचंदन की उम्र 84 साल की है और वे ओडिशा के भुवनेश्वर और चिल्का विधानसभा से 5 बार विधायक रह चुके हैं।' बता दें कि विश्व भूषण ने 1971 में जनसंघ के साथ अपना राजनीतिक सफर शुरू किया था, जिसके बाद 1977 में जनता पार्टी गठित होने तक वे जनसंघ के आंध्र महासचिव रहे। इसके साथ ही हरिचंदन जनसंघ के राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य भी रहे। वहीं छत्तीसगढ़ की राज्यपाल सुश्री अनुसुइया उइके को मणिपुर का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। आपको बता दें कि मणिपुर की नई राज्यपाल अनुसुइया उइके मध्य प्रदेश से विधायक रह चुकी हैं, वह इसी राज्य में मंत्री पद पर रहीं थीं। उइके को राष्ट्रिय महिला आयोग की सदस्या भी रह चुकी हैं। मणिपुर के राज्यपाल ला गणेशन को नागालैंड का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। इससे पहले जब पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने इस्तीफा दे दिया था, तब गणेशन पश्चिम बंगाल के राज्यपाल पद का अतिरिक्त प्रभार संभाला था। बिहार के राज्यपाल फागू चौहान को मेघालय का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। आपको बता दें कि बिहार के पूर्व राज्यपाल और मेघालय के नए राज्यपाल फागू चौहान यूपी के 17वें विधानसभा चुनाव में सबसे अधिक मतों से जीतने वाले विधायक थे। फागू चौहान 1985 में पहली बार दलित किसान मजदूर पार्टी से विधायक बने थे, इसके बाद वह जनता दल में गए, बाद में वह बीएसपी में शामिल हुए और 2017 में बीजेपी के टिकट पर चुनाव भी लड़े। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर को बिहार के राज्यपाल की जिम्मेदारी दी गई है। राजेंद्र आर्लेकर का जन्म 23 अप्रैल 1954 को गोवा के पणजी में हुआ था। उन्होंने एमईएस कॉलेज, वास्को डी गामा, गोवा से अपनी डिग्री पूरी की और प्राप्त की। आर्लेकर बचपन से ही आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) से जुड़े थे। साल 1989 में आर्लेकर भाजपा में शामिल हुए। वह उस समय केवल 35 वर्ष के थे, जब उन्होंने राजनीति में आने निर्णय लिया। राजेंद्र आर्लेकर गोवा सरकार में कैबिनेट मंत्री और गोवा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष भी रह चुके हैं। वह भारतीय जनता पार्टी के नेता हैं। अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल बीडी मिश्रा को राष्ट्रपति ने केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में थ्ठ नियुक्त किया गया है। बता दें कि बीडी मिश्रा भारतीय सेना के पूर्व ब्रिगेडियर हैं। उनसे पहले लद्दाख में राधा कृष्णन माथुर उपराज्यपाल थे। माथुर शनिवार को लेह स्थित अपने कार्यालय से कर्मचारियों को अलविदा कहकर चले गए थे। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को हिमाचल प्रदेश का राज्यपाल बनाया गया है। वह राजेंद्र आर्लेकर का स्थान लेंगे। शिव प्रताप शुक्ला मौजूदा समय में राज्यसभा सांसद हैं। शिव प्रताप शुक्ल उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। उन्होंने 1989 में यूपी में विधानसभा चुनाव लड़ा था। शुक्ल 4 बार विधानसभा सदस्य चुने गए। एक बार यूपी में मंत्री पद पर भी रहे। शिव प्रताप सिंह 2014-19 तक रही मोदी सरकार में मंत्री रहे हैं।लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को सिक्किम का राज्यपाल बनाया गया है। वह 2018 से सिक्किम के राज्यपाल रहे गंगा प्रसाद की जगह लेंगे। इस नियुक्ति पर उन्होंने महामहिम राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने अपने फेसबुक अकाउंट पर लिखा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लुक ईस्ट पॉलिसी के अंतर्गत पूर्वोत्तर राज्यों का विशेष महत्व है। यह दक्षिण एशिया के प्रवेश द्वार है, जिनसे हमारा गहरा सांस्कृतिक और भावनात्मक नाता है।

# हिंदी बिना संभव नहीं देश का उत्थान, बिना पूरी तरह उपयोग के नहीं हो सकता इस भाषा का विकास



इस बार फिजी की राजधानी सुवा में विश्व हिंदी सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। यह 15 से 17 फरवरी तक चलेगा। हिंदी भाषा का यह सबसे बड़ा सम्मेलन है, जिसमें विश्व भर के हिंदी प्रेमी एकत्रित होते हैं। विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित किए जाने की परंपरा 1973 में राष्ट्रीय भाषा प्रचार समिति, वर्धा द्वारा प्रारंभ की गई थी। सम्मेलन का उद्देश्य हिंदी को प्रचारित एवं प्रसारित करना है, जिससे हिंदी को अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में स्थापित किया जा सके। विश्व की सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषाओं में हिंदी का तीसरा स्थान है, फिर भी हिंदी को वह स्थान नहीं मिला, जिसकी वह अधिकारी है। कहने को तो हिंदी सिर्फ एक भाषा है, परंतु वास्तव में यह भारत की पहचान है। यह हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक है। हिंदी सिर्फ भारत में ही नहीं बोली जाती, बल्कि गुयाना, सूरीनाम, त्रिनिदाद, फिजी, मारीशस, दक्षिण अफ्रीका और सिंगापुर में भी यह अधिकांश लोगों की बोलचाल की भाषा है। अंग्रेजी और मंदारिन (चीनी) के साथ ही हिंदी विश्व में सर्वाधिक बोली जाने वाली तीसरी सबसे बड़ी भाषा है। भारत के अलावा विश्व भर के 40 से अधिक देशों में 600 से अधिक विद्यालयों/महाविद्यालयों में हिंदी पढ़ाई और सिखाई जाती है। जर्मनी के स्कूलों में तो हिंदी पढ़ाने के लिए विदेश मंत्रालय ने जर्मन सरकार से समझौता भी किया है और वहां पर जर्मन हिंदी रेडियो सेवा संचालित है। पिछले कुछ वर्षों में तकनीकी के विकास और इंटरनेट की सुगम उपलब्धता के कारण हिंदी का भले ही प्रसार बढ़ा है, लेकिन अब भी यह प्रसार उस स्तर तक नहीं पहुंचा है जहां इसे होना चाहिए था। अगर हम हिंदी के लिए चलाए गए आंदोलनों और प्रयासों की तरफ देखें तो खुद गांधीजी हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में स्थापित करना चाहते थे। 1918 में महात्मा गांधी ने हिंदी साहित्य सम्मेलन में हिंदी को जनमानस की भाषा बताते हुए इसे राष्ट्रभाषा बनाने का सुझाव भी दिया था। गांधीजी से पहले राममोहन राय, केशवचंद्र सेन, बंकिमचंद्र चटर्जी और मदन मोहन मालवीय सहित तमाम महापुरुषों ने हिंदी की पुरजोर पैरवी की थी। भारतीय संविधान में हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिया गया है। भारतीय संविधान में उल्लेख है कि संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी होगी। डा. राममनोहर लोहिया ने पिछली सदी के सातवें दशक में यह प्रस्ताव रखा था कि 'गर्मी की छुट्टियों में अध्यापकों को अनुवाद के काम में लगा देना चाहिए, ताकि हिंदी की किताबों को फटाफट तैयार किया सके। शिक्षा जैसे ही अंग्रेजी के शिकंजे से निकलेगी, ज्ञान के लोकतंत्रीकरण का मार्ग खुल जाएगा, भारतवासियों की प्रतिभा प्रस्फुटित हो उठेगी।' डा. लोहिया ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि अंग्रेजी को हटाना है अदालतों से, सरकारी दफ्तरों से, हिंदुस्तान के हर एक सार्वजनिक काम से ताकि हिंदुस्तान का हर एक सार्वजनिक कार्य अपनी मातृभाषा के माध्यम से हो सके। हिंदी हिंदुस्तान की भाषाओं की बहन है, चाहे बड़ी बहन ही सही। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए वर्तमान केंद्र सरकार ने मेडिकल और इंजीनियरिंग के कुछ पाठ्यक्रम हिंदी में अनुवाद करा कर लागू किए हैं। हिंदी के विकास के लिए यह वाकई स्वागतयोग्य कदम है। यह बात सही है कि भारत जैसे बहुआयामी देश के विद्यार्थी जब अपनी भाषा में पढ़ाई करेंगे, तभी लोगों की समस्याओं को ठीक प्रकार से समझ पाएंगे और उनकी सच्ची सेवा कर सकेंगे। मातृभाषा में व्यक्ति सोचने, समझने, अनुसंधान, तर्क एवं कार्य और अच्छे ढंग से कर सकता है। कई शोध इसकी पुष्टि करते हैं। ऐसे में, हिंदी में चिकित्सा की पढ़ाई प्रारंभ होने से देश में बड़ा सकारात्मक परिवर्तन आएगा। निःसंदेह ग्रामीण परिवेश एवं मध्य वर्ग के हिंदी माध्यम में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए चिकित्सा एवं तकनीकी पढ़ाई सुगम हो जाएगी, क्योंकि उन्हें चिकित्सा विज्ञान की पुस्तकों में अंग्रेजी भाषा के कठिन शब्द समझने में कठिनाई होती है। भारतीय छात्र अपनी मातृभाषा में चिकित्सा और तकनीकी शिक्षा का अध्ययन करके निःसंदेह अपनी प्रतिभा का और अच्छी तरह प्रदर्शन कर पाएंगे। चिकित्सा एवं इंजीनियरिंग की शिक्षा के पश्चात विज्ञान, वाणिज्य एवं न्याय की शिक्षा भी मातृभाषा में होनी चाहिए। इस कदम से न केवल हिंदी की उन्नति होगी, बल्कि भारत विश्व में शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा केंद्र बनकर उभरेगा। आज भारत एक वैश्विक शक्ति बनकर उभरा है, विश्व के लिए एक मुख्य बाजार भी है और यह बाजार हिंदी भाषियों से प्रभावित है। विदेशी कंपनियों को भी यह भलीभांति समझ आ गया है कि अगर इस बाजार में हिस्सेदारी चाहिए तो यहां की भाषा में बात करनी होगी। उन्हें मालूम है कि भारत में अगर टिके रहना है तो यहां की भाषा सीखकर ही आगे बढ़ सकते हैं। इसलिए बहुराष्ट्रीय कंपनियों के बड़े-बड़े अधिकारी भी अब हिंदी सीख रहे हैं। किसी को भी अपनी मातृभाषा पर गर्व करना चाहिए। इतिहास गवाह है कि विश्व में वही देश विकसित हुए हैं, जिन्होंने अपनी भाषा और संस्कृति को सहेजा है, संवारा है तथा उसे अपनाया है। भले ही भारत एक बहुभाषीय देश है, जिसमें समृद्ध भाषाओं की एक लंबी सूची है, जिनका साहित्य पुरातन एवं वैभवशाली है। बावजूद इसके इनका क्षेत्र सीमित है। जबकि हिंदी का विस्तार राज्यों की सीमाओं से परे अंतरराज्यीय से होते हुए अंतरराष्ट्रीय है। हमें यह समझने की जरूरत है कि हिंदी के बिना देश का उत्थान संभव नहीं है और जब तक हम हिंदी का उपयोग पूरी तरह से नहीं करेंगे, तब तक हिंदी भाषा का विकास नहीं हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### 25 मार्च को पिछडा वर्ग समाज सम्मेलन

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।**ओबीसी समाज द्वारा पिछड़ा वर्ग समाज सम्मेलन जिला गौतमबुद्ध नगर में 25 मार्च को हो रहा है। यह कार्यक्रम गौर सरोवर पोर्टिको होटल, नोएडा एक्सटेंशन ग्रेटर नोएडा वेस्ट गौतमबुद्ध नगर में होना सुनिश्चित हुआ है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.के.लक्ष्मण - सांसद राज्यसभा व राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा तथा विशिष्ट अतिथि कुंवर बृजेश सिंह राज्य मंत्री लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश सरकार रहेंगे। इसकी अध्यक्षता सुरेंद्र सिंह नागर सांसद राज्यसभा व प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा करेंगे। उक्त जानकारी नोएडा मीडिया क्लब में एक प्रेस वार्ता में हरिओम




बैंसला संयोजक पिछड़ा वर्ग समाज सम्मेलन एवं राज नागर जिलाध्यक्ष भाजयुमो गौतमबुद्ध नगर (सह-संयोजक पिछड़ा वर्ग समाज सम्मेलन) ने बताया। प्रेसवार्ता मे विशेष सहयोगी ज्ञानिन्द्र गुर्जर , सदस्य अनिल कसाना, सदस्य अशोक नागर सदस्य - बिजेंद्र ठेकेदार, सदस्य - आदित्य बैसला , अमित मुखिया, गौरव पटेल आदि लोग मौजूद रहे।

### 'भगोड़े अमृतपाल को पकड़ने के लिए चल रहा अभियान

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** खालिस्तान समर्थक भगोड़े अमृतपाल सिंह को लेकर विदेश मंत्रालय का शुक्रवार को बयान सामने आया। जिसमें उन्होंने विदेशों में रहने वालों लोगों से भ्रामक जानकारियों से बचने की सलाह दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पंजाब में अधिकारी भगोड़े (अमृतपाल सिंह) को पकड़ने के लिए अभियान चला रहे हैं। हम विदेशों में रहने वाले लोगों से आग्रह करेंगे कि सोशल मीडिया पर कुछ तत्वों द्वारा प्रसारित गलत और प्रेरित बयानों से बचें।

# हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर वेलफेयर एसोसिएशन ने राज्यमंत्री कुंवर ब्रजेश सिंह से की चर्चा

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** राज्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री गौतमबुद्धनगर कुंवर बृजेश सिंह ने हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर वेलफेयर एसोसिएशन के निर्यातकों से मिलकर एक सार्थक चर्चा की



और उत्पादकता की कॉस्ट बढ़ने का एक व्यापक मुद्दा उठाया एवं उसको कैसे ठीक किया जा सकता है उसके बारे में भी चर्चा करें इसके अलावा चर्चा का विषय यह भी रहा कि हम चाइना से अपने प्रोडक्ट की पोस्टिंग इस प्रकार से कर सकते हैं जिससे कि भारत का उत्पादन चाइना से अधिक बिके, ईपीसीएच के डायरेक्टर जनरल राकेश कुमार ने ने बताया कि चाइना के शहर एवो से डायरेक्ट लेकिन स्पेन की राजधानी मैड्रिड जाती है अगर इसी प्रकार से भारत में भी रेल मार्ग द्वारा हमारे प्रोडक्ट आसानी से विदेशों में पहुँचेंगे तो भारत के उत्पादन को काफ़ी सहारा मिलेगा मंत्री महोदय ने सभी विषयों पर चिंतन करके उनके नोट्स भी बनवाए और उन्हें में आश्वासन दिया कि वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक हमारे निर्यातकों की बात पहुंचाएंगे इस मौके पर हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सीपी शर्मा, महामंत्री भरत बडेरा,सचिव आंचल वोहरा, उपाध्यक्ष संजीव भसीन ने अपने अपने विचार रखे।

## भाटिया शराब कंपनी का हिस्ट्रीशीटर बदमाश इंद्रजीत गिरी आधा दर्जन साथियों के साथ शराब दुकान में घुसकर कर्मचारियों को जमकर पीटा फिर थाना में बंद कराया

(आधुनिक समाचार सेवा)
**सतना।** कल देर शाम मनगवां की कंपोजिटिंग शराब दुकान में शराब दुकान के अंदर चेकिंग करने के नाम से भाटिया शराब ग्रुप कंपनी के कर्मचारी जो कि बाहर से आए हुए थे कंपोजिट शराब दुकान मनगवां में घुसकर जमकर आतंक मचाया पहले शराब दुकान के सेल्समैन एवं मैनेजर को बंधक बनाकर जमकर मवेशियों जैसे पीटा पीटते पीटते उनकी पूरी शरीर को लाल कर दिया वही पिस्टल दबाकर बोले कि हम जैसा कहता हूं वैसा ही करो इतना ही नहीं इन लोगों के द्वारा पहले जमकर मारपीट की गई फिर शराब में मिलावट की कहानी बता कर मनगवां पुलिस को बुलाया और जो लोग जमकर पिट गए हैं उन्हें थाना में बंद करवा दिया इस तरह के भाटिया शराब कंपनी के लोगों द्वारा फैलाए गए आतंकवाद से कस्बे में सनसनी फैल गई है बताया जाता है कि हिस्ट्रीशीटर इंद्रजीत गिरी विंध्याचल सिंह सहित अन्य 5 से 6 लोगों ने पहले तांडव मचाया फिर पुलिस के पास झूठी कहानी का पुलिंदा रखा वहीं पुलिस ने उन्हीं को थाना में बैठा लिया जो लोग पीड़ित है विश्व सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इंद्रजीत गिरी बिहार का रहने वाला हिस्ट्रीशीटर है इसके खिलाफ छत्तीसगढ़ रायपुर बिलासपुर एवं मध्य प्रदेश के कटनी शहडोल मैहर सहित अन्य थानों में गंभीर अपराध दर्ज है इंद्रजीत गिरी हाल ही में 2 दिन पहले इसी तरह का कारनामा मैहर के कंपोजिटेक शराब दुकान में करके आया था वहां भी सेल्समैन के साथ जमकर मारपीट किया था बताया जाता है कि इंद्रजीत गिरी भाटिया ग्रुप का अपने आपको फ्लाइंग बता रहा है और मारपीट का गंभीर वारदात किए जाने के साथ उल्टा ही पीड़ित पक्षों को जिन्हें पीटा गया उनके ऊपर अवैधानिक रूप से मुकदमे लगाने की तैयारी पुलिस के माध्यम से किया जा रहा है इंद्रजीत गिरी इस घटना का अंजाम देने के बाद यहां से फरार हो गया है भाटिया शराब कंपनी की ओर से आए हुए गुंडा इंद्रजीत गिरी के द्वारा किए कृत्य और कंपोजर की शराब दुकान के अंदर घुस कर कर्मचारियों को बंधक बनाकर पीटने के बाद मनगवां पुलिस को बुलवाकर कार्रवाई मनमानी तरीके से कार्यवाही करवाया गया वही इस तरह की घटना से अपने आप में बड़ा सवाल उठता है यदि शराब कंपनी को किसी तरह की कार्रवाई करना ही था तो पहले थाना में आकर घटना की सूचना देते फिर साथ में पुलिस को ले जाकर कार्रवाई करवाते जबकि शराब के सैंपल क्वालिटी चेकिंग करने के लिए एक्साइज विभाग बना हुआ है लेकिन एक्साइज विभाग को भी दरकिनार रखते हुए भाटिया शराब कंपनी का गुंडा गिरी ने खुलेआम तांडव मचाया है कल से पुलिस के द्वारा मारपीट से गंभीर घायल लोगों को अपने कस्टडी में रखी हुई है और वही इंद्रजीत गिरी इस गंभीर घटना को वारदात देने के बाद रफूचक्कर हो गया है और



उल्टा गलत कारनामों की सजा दूसरे को दिया जा रहा है। शराब दुकान के अंदर ही बन रही थी मिलावटी शराब भाटिया कंपनी के बाहर से आए कर्मचारियों ने पकड़ा मिलावट करने वालों को, पहले कर्मचारियों को पीटा फिर किया पुलिस के हवाले, कार्यवाई के लिए थाने में दिया आवेदन, वही मारपीट किए जाने पर कर्मचारियों ने भी दिया आवेदन, लंबे समय से मनगवां क्षेत्र के लोगो को पिला रहे थे मिलावटी शराब, आबकारी विभाग की टीम भी थाने पहुंची, एक बाटल शराब से तैयार की जा रही थी दो बाटल शराब, महँगी शराब की बोतलों लंबे समय से की जा रही थी मिलावट।

## सेप्टिक टैंक के लिए खोदे गए गड्ढे में भरा था पानी जंगल से भटक कर बारहसिंघा गिरा गड्ढे में पुलिस ने की रेस्क्यू

(आधुनिक समाचार सेवा)
**शहडोल।** जिले में इन दिनों जंगली जानवरों का रिहायशी क्षेत्र में आना-जाना बिल्कुल आम सा हो गया है। रिहायशी क्षेत्र में हाथी सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी प्रधान आरक्षक निखिल श्रीवास्तव के साथ मौके पर पहुंचे और घटना देखी तो सेप्टिक टैंक के लिए खोदे गए गड्ढे में पानी भरा था जिसमें



बाघ भालू सहित अब बारहसिंघा भी आने लगे है। जिले की कुछ सीमाएं बांधवगढ़ नेशनल पार्क से जुड़ी हुई हैं बारहसिंघा जहां गिरा है वह भी बांधवगढ़ नेशनल पार्क से जुड़ा जंगल है। जिले के पपोंध थाना क्षेत्र अंतर्गत निपानिया गांव में सेप्टिक टैंक के लिए खोदे गए गड्ढे में बारहसिंघा गिर गया यह घटना देर रात की बताई जा रही है। थाना प्रभारी मोहन पड़वार ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार की सुबह उन्हें सूचना मिली कि सेप्टिक टैंक के लिए खोदे गए गड्ढे में एक बारहसिंघा जंगली जानवर गिर गया है। वह बारहसिंघा गिर गया था और उसे बचाने के लिए थाना प्रभारी ने लोगों के साथ मिलकर 2 घंटे का रेस्क्यू ऑपरेशन कर उसे बाहर निकाला है। ग्रामीणों के अनुसार मामले की जानकारी व मामले को भी दी गई थी लेकिन वन अमला रेस्क्यू करने के बाद मौके पर पहुंचे वहीं पुलिस सूचना लगते ही मौके पर पहुंची थी और ग्रामीणों की मदद से 2 घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद उसे सुरक्षित निकालकर वन विभाग को सौंप दिया है वन विभाग ने बारहसिंघा को जंगल की ओर छोड़ दिया है।

## श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन भक्त प्रह्लाद की कथा सुनाई

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।**सेक्टर 82 के स्वर्णिम विहार में आरडबल्यूए द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास डॉक्टर निधि तेलंग ने प्रह्लाद चरित्र का सुंदर वर्णन किया। दैत्यराज हिरण्यकशिपु का बहुत आतंक था । ब्रम्हा जी से वरदान पाकर वह निरंकुश हो गया था ।वह और कहा कि पिता जी केवल भगवान विष्णु ही सर्वशक्तिमान हैं जो सबके हृदय में हैं। हिरण्यकशिपु क्रोधित होकर प्रह्लाद को मारने का आदेश देता है। तमाम यातनाओं के बाद जब प्रह्लाद को कुछ नहीं हुआ तब अपनी बहन होलिका को बुलाकर हिरण्यकशिपु उसे जलाकर मारने का आदेश देता है लेकिन प्रभु की



कोई भी धार्मिक कार्य अपने राज्य में नहीं होने देता था। किंतु उसका बेटा प्रह्लाद भगवान विष्णु का परम भक्त था। भक्त प्रह्लाद को गुरु के पास शिक्षा के लिए भेज गया तो गुरु ने समझाया कि बेटा तुम्हारे पिता ही सर्वशक्तिमान है उनका ही नाम लिया करो विष्णु का नाम नहीं लेकिन भक्त प्रह्लाद भगवान विष्णु का ही हमेशा सुमिरन करते रहते। गुरु ने सारी बात दैत्यराज हिरण्यकशिपु को सुनाई , पिता के समझाने पर भी प्रह्लाद नहीं माने कृपा से होलिका जलकर राख हो जाती है। प्रह्लाद को मारने के लिए गर्म खंभे से बांध दिया जाता है जिसमें भगवान नरसिंह अवतार धारण कर प्रकट होते हैं और हिरण्यकशिपु का वध कर देते हैं और प्रह्लाद की रक्षा कर अपनी भक्ति प्रदान करते हैं। इस अवसर पर समिति के प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे, उर्मिला देवी, सुखवीर सिंह, सीमा, सुभाष तैलंग सहित तमाम भगवत्प्रेमी भक्त मौजूद रहे।

# क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव राजगुरु का शहादत दिवस मनाया गया

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।**सी.आई.टी.यू., जनवादी महिला समिति, जन नाट्य मंच, नोएडा झुग्गी झोपड़ी संयुक्त पुनर्वास मंच के कार्यकर्ताओं ने बांस बल्ली मार्केट सेक्टर- 9, नोएडा पर शहीदे ए आजम भगत सिंह, राजगुरु, चाहते थे, क्यों इनको इतनी छोटी छोटी उम्र में अंग्रेजों द्वारा फांसी दे दी गई? जब हम अपने इन साथियों के जीवन का अध्ययन करते हैं तो पाते हैं की राजगुरु सबसे ज्यादा निडर और त्याग की मूर्ति थे, सुखदेव अपने समय के सबसे बड़े हो। उनका मानना था कि कम्युनिज्म या समाजवाद का रास्ता ही देश के भविष्य का रास्ता हो सकता है। समाजवाद के दीवाने थे राजगुरु। हमारे इन तीनों शहीदों को समाजवाद में गहरा विश्वास था। यह तीनों अपने को देश के





सुखदेव का शहादत दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत सीटू नेता गंगेश्वर दत्त शर्मा, रामसागर, राजकरण, रामस्वारथ, रमाकांत सिंह, हरकिशन, शंभू पेंटर, बलराम चौधरी, जनवादी महिला समिति की नेता आशा यादव, रेखा चौहान, गुड़िया देवी, नोएडा झुग्गी झोपड़ी सिंह पुनर्वास मंच के नेता मौ. परवेज, जन नाट्य मंच की कलाकार माला हाशमी आदि द्वारा शहीदों के चित्रों पर पुष्प अर्पित किए जाने के साथ हुई इसके बाद दिल्ली जन नाट्य मंच के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक का मंचन किया और नाटक के माध्यम से सरकार की किसान- मजदूर विरोधी व जनविरोधी नीतियों पर कड़ा प्रहार किया और 5 अप्रैल को दिल्ली में होने वाली मजदूर किसान संघर्ष रैली में शामिल होने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर बोलते हुए सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि आज राजगुरु, सुखदेव और भगत सिंह का शहादत दिवस है। आज के दिन अंग्रेजों ने भारत माता के इन तीन सपूतों को हमसे छीन लिया था। 23 मार्च 1931 को अंग्रेजों ने अपनी सनक और साजिश के तहत हमारे इन तीन वीर क्रांतिकारी शहीदों को फांसी देकर मौत के घाट उतार दिया था। आखिर हमारे क्रांतिकारी साथी क्या संगठनकर्ता थे और भगत सिंह अपने सभी साथियों में वैचारिक रूप से सबसे ऊंचे स्तर के और मजबूत थे।अंग्रेजों का मानना था कि अगर इनको फांसी ना दी गई और इनको छोड़ दिया गया तो यह फिर से जनता में इंकलाब की बात करेंगे, जनता का राज कायम करने के बात करेंगे, साम्राज्यवाद मुर्दाबाद करेंगे और अंग्रेजों की तानाशाही का विनाश करेंगे। इन्हीं सब मुद्दों को विचार में रखते हुए भारत माता के इन तीन अमर शहीदों को फांसी दे दी गई। राजगुरु महाराष्ट्र से थे, सुखदेव और भगत सिंह बंगाल, लायलपुर, पंजाब से थे। सुखदेव का मानना था कि मौके के अनुसार सर्वोत्तम का प्रयोग किया जाना चाहिए। वे समाजवाद के बड़े पढ़ाकू थे। उनका कहना था कि हमारे दल का, क्रांतिकारियों का मकसद देश में समाजवादी प्रणाली स्थापित करना है। उनका मानना था कि हम तीनों के फांसी पर चढ़ने से देश की जनता का भला होगा। राजगुरु का मानना था कि दुनिया से भागकर इस दुनिया को नहीं बदला जा सकता। वह क्या कमाल के इंसान थे कि मरने के मामले में उनकी भगत सिंह से होड़ लगी थी। वह संघर्षों में सबसे आगे रहना चाहते थे और उनकी इच्छा थी कि उनकी मौत भगत सिंह से पहले लिए मरना सौभाग्यशाली समझते थे। सुखदेव खूबसूरत दुनिया बनाने का ख्वाब लेकर इस दुनिया से चले गए। वे मानते थे कि हमारे देश में गरीबी है, अभाव है और हमारी जनता के बीच में प्यार का अभाव है।भगत सिंह अपने सब साथियों में, जिसमें हिंदुस्तान समाजवादी गणतंत्र संघ के लोग भी शामिल थे, सबसे बड़े विद्वान और विचारक थे। वह पढ़ने के शौकीन थे, उनकी जेब में हमेशा पुस्तक मौजूद होती थी। वह जब भी खाली समय में होते तो पुस्तक ही पढ़ते रहते थे और लिखते रहते थे। उनका मानना था कि संगठन का बनाना और प्रचार करना, क्रांति के लिए सबसे जरूरी है। शोषण चाहे मनुष्य द्वारा मनुष्य का हो या एक राष्ट्र द्वारा दूसरे राष्ट्र का हो। भगत सिंह क्रांति के एक बहुत बड़े प्रचारक थे। वाणी और लेखनी के धनी थे, पुस्तक प्रेमी थे। अभी तक प्राप्त 140 लेखों में भगत सिंह द्वारा 97 लेख लिखे गए थे एक बहुत बड़े लेखक थे। अपने जेल जीवन में उन्होंने 143 लेखकों की पुस्तकों का अध्ययन किया था और अपने नोट्स बनाए थे। जेल में बनाए गए इन नोट्स को अब ठभगत सिंह की जेल डायरीठ का रूप दे दिया गया है। उनका मानना था कि सामाजिक और आर्थिक आजादी के बिना राजनीतिक आजादी के कोई अर्थ नहीं है। हमारे इन शहीदों ने अदालत को राजनीतिक प्रचार का माध्यम बनाया और एसेंबली में नारे लगाए,,,, ठसर्वहारा जिंदाबादठ, ठसाम्राज्यवादमुर्दाबादठ, ठसमाजवाद जिंदाबादठ, ठइंकलाब जिंदाबादठ। हमारे ये साथी क्रांति से क्या मतलब रखते थे? क्रांति यानी मनुष्य द्वारा मनुष्य के शोषण का खात्मा। वाद विवाद में वे उत्तेजित नहीं होते थे। उनका कहना था कि शोषकों को खत्म कर यह दुनिया हमें स्वर्ग बनानी पड़ेगी। उन्होंने भगवान और धर्म की निरर्थकता पर सवाल उठाए। अपने लेखों में उन्होंने सांप्रदायिकता और अछूत समस्या का निदान पेश किया। उनका मानना था कि क्रांति जनता द्वारा की जाएगी। क्रांति सर्वहारा की क्रांति, सर्वहारा के द्वारा और सर्वहारा के लिए क्रांति होगी। उनका कहना था कि चेतना ही नहीं, वर्ग चेतना पैदा करनी होगी, तभी यह समाज बदला जा सकता है। उनका मानना था कि क्रांति के लिए सादा और स्पष्ट लेखन किया जाए, अध्ययन केंद्र खोले जाएं, पर्चे, पुस्तकें, मैगजीन निकालनी होगी और जनता के बीच बांटने होगी।वह मानते थे कि क्रांति एक छोटे वर्ग द्वारा नहीं, पूरी जनता के द्वारा की जाएगी और उसी के द्वारा उसको स्थाई किया जाएगा। क्रांति से उनका मतलब था क्रांति जानी इंकलाब यानी संपूर्ण स्वतंत्रता। क्रांति यानी दिमागी गुलामी से पूर्ण आजादी। अपने सपनों को लेकर भगत सिंह और उनके साथी फांसी पर चढ़ गए और जो बचे थे, उनको सरकार ने सजा देकर जेल में भेज दिया, काला पानी भेज दिया, मगर भगत सिंह को दिए गए अपने वचन से उसके साथी डिगे नहीं और जेल से बाहर आए तो उनमें से अधिकांश कम्युनिस्ट पार्टी में शामिल हो गए और जनता और किसानों को संगठित करके, क्रांति का ख्वाब देखने लगे और काम करते हुए अपने जीवन को जनता के हित के लिए न्यौछावर कर गये। हमारे शहीदों के ख्वाब अभी पूरे हुए नहीं हुए हैं, यह उनके सपनों का भारत नहीं है। अभी यहां भ्रष्टाचार, बेईमानी, असमानता, अन्याय, रिश्वतखोरी,भेदभाव, ऊंच-नीच की मान्यता और छोटे बड़े की अमानवीय सोच, अपनी जड़े जमाये हुए हैं। हमारा सबसे बड़ा काम यह है कि भगत सिंह का और शहीदों का समाजवादी समाज बनाने के लिए हम शहीदों के बताए रास्ते पर चलें, उनका अध्ययन और मनन करें, क्योंकि उन्हीं के बताये विचारों और सिध्दांतों पर बना हुआ समाज ही एक बेहतर समाज हो सकता है।

# टीबी के प्रति खुद जागरूक हों, अन्य को भी करें जागरूक - बृजेश सिंह

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।**जिला प्रभारी एवं राज्य मंत्री लोक निर्माण विभाग कुंवर बृजेश सिंह ने लोगों से अपील की कि वह उपचार कराएं, कोई भी बीच में उपचार न छोड़े और पौष्टिक आहार का सेवन करते रहें। उन्होंने जिला क्षय रोग अधिकारी डा. शिरीष जैन नुकसान हो सकता है। बताया गया कि अब टीबी लाइलाज बीमारी नहीं है। समय पर और पूरे उपचार से टीबी पूरी तरह ठीक हो जाती है। शिविर का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ यतेन्द्र सिंह ने की। कार्यशाला




टीबी को लेकर खुद जागरूक हों, साथ ही और लोगों को भी जागरूक करें। सामाजिक सहयोग और लोगों की जागरूकता से ही टीबी मुक्त भारत का संकल्प पूरा हो सकेगा। बृजेश सिंह विश्व क्षयरोग दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने जिला क्षय रोग विभाग के तीन कर्मचारियों को अच्छा कार्य करने के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर टीबी मरीजों के लिए स्ट्रैटेजिक एलायंस मैनेजमेंट सर्विसेज (सैम्स) की ओर से उपलब्ध करायी गयी पोषण सामग्री प्रदान करते हुए राज्य मंत्री ने कहा- सभी मरीज टीबी का पूरा और उनकी टीम की प्रशंसा की और भविष्य में और बेहतर कार्य करने की उम्मीद जाहिर की। इसी कड़ी में उन्होंने विभाग के कर्मचारी जिला पीएमडीटी लल्लन यादव, सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर अमर चौधरी, लैब टेक्नीशियन योगेश को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मेट्रो कालेज ऑफ नर्सिंग की छात्राओं ने टीबी को लेकर जागरूकता परक एक नाटक की प्रस्तुति की, जिसमें बताया गया कि किस तरह लोग भ्रांतियों और गलत जानकारी के चलते टीबी मरीजों से भेदभाव करते हैं, जो सरासर गलत है। नाटक के माध्यम से यह भी बताया गया कि टीबी का उपचार बीच में छोड़ने से कितना इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला क्षय रोग अधिकारी डा. शिरीष जैन ने किया। डा. जैन ने जनपद में उपलब्ध टीबी के उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डा. जैन ने बताया- शुक्रवार को टीबी के 30 मरीजों को पोषण सामग्री प्रदान की गयी, जिसमें दो मरीज मल्टी ड्रग रेजिस्टेंट के भी हैं। कार्यशाला एवं जागरूकता शिविर आयोजित विश्व क्षयरोग दिवस के उपलक्ष्य में नेचुरल केयर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) भंगेल पर एक कार्यशाला एवं जागरूकता में नेचुरल केयर के निदेशक डॉ. पीके खरे के द्वारा ने प्रवासी मजदूरों को टीबी एवं एचआईवी पर जानकारी दी गई। जिला क्षय रोग विभाग से रविन्द्र राठी, अमर चौधरी, खेमराज ने टीबी मरीजों के लिए जिले में किए जा रहे कार्यों के बारे में उपस्थित प्रवासी मजदूरों को जागरूक किया। विश्व क्षयरोग दिवस पर नेचुरल केयर-एसएसके का स्टाफ एवं सीएचसी भंगेल के सभी चिकित्सक व स्टाफ उपस्थित रहा। इस अवसर पर नेचुरल केयर की ओर से टीबी व एचआईवी जागरूकता के लिए स्टॉल भी लगाया गया ।

# रणवीर सिंह से नाराज हैं दीपिका पादुकोण नहीं पकड़ा पति का हाथ तो लोगों ने पूछा- कुछ गड़बड़ तो नहीं है

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह के फैंस आजकल बहुत टेंशन में नजर आ रहे हैं। एक दौरान रेड कार्पेट पर उनकी कुछ तस्वीरें और वीडियो शूट किए गए। दीपवीर के फैंस सोशल मीडिया पर एक वीडियो क्लिप वायरल कर रहे तो उन्हें छोड़ थोड़ा आगे निकल जाते हैं। इस वीडियो से साफ है कि दोनों के बीच कुछ तो अनबन है, क्योंकि जिस तरह से रणवीर सिंह के बीच सब कुछ ठीक है! एक और तलाक की खबर नहीं सुननी चाहिए। एक अन्य ने रोते हुए इमोटिकॉन्स के साथ कहा, ठबेचारा



स्पोर्ट्स अवॉर्ड फंक्शन के लिए पहुंचे रणवीर और दीपिका ने कुछ ऐसा कर दिया कि चाहने वालों की सांसे अटक गईं हैं। वो ऐसा सोचने पर मजबूर हो गए है कि क्या इस पावर कपल के बीच सबकुछ ठीक चल रहा है स्पोर्ट्स अवॉर्ड फंक्शन में पहुंचे रणवीर-दीपिका ने ऑल-ब्लैक आउटफिट में ट्विनिंग की थी। इस हैं, जिसमें रणवीर सिंह, दीपिका का हाथ थामने के लिए अपना हाथ आगे बढ़ाते हैं, तो वो पूरी तरह से इग्नोर कर देतीं हैं। खिसियाकर रह गए रणवीर दीपिका एक बार नहीं बल्कि दो बार ऐसा करती हैं, वो पूरी तरह से रणवीर सिंह को इग्नोर करती हैं। रणवीर भी समझ जाते हैं कि मैडम का मूड ठीक नहीं, एक्सप्रेशन दे रहे हैं। उनके फैंस को चिंता हो रही है कि कपल के बीच कुछ और तो नहीं चल रहा?सिलसिला सिर्फ यहीं नहीं थमा, जब पोज देने की बारी आई तो इस जोड़ के बीच में दीपिका के पिता प्रकाश पादुकोण थे। एक ट्विटर यूजर ने कमेंट किया, ठमुझे उम्मीद है कि रणवीर और दीपिका रणवीर जिस तरह से उसे इग्नोर करती है। पहले भी आई थी ऐसी खबर आपको याद दिला दें कि इससे पहले रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण के बीच सबकुछ ठीक नहीं चलने की खबरें आईं थीं। उस वक्त भी इस कपल ने इन खबरों पर कोई रिएक्शन नहीं दिया था।

# खराब रहा 'भीड़' का बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन का 'अनुभव', कमाए सिर्फ मुट्ठी भर पैसे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** अनुभव सिन्हा की भीड़ ने सिनेमाघरों में दस्तक दे दी है। इसकी टक्कर हुई हॉलीवुड एक्शन थ्रिलर फिल्म 'जॉन विक' के चैप्टर 4 से'। भीड़ अपने ट्रेलर रिलीज के साथ ही विवादों में छा गई थी। यहां तक कि इसके ट्रेलर को नेट



से हटाकर कुछ एडिटिंग के साथ फिर से रिलीज किया गया। इतने शोर शराबे में भी भीड़ ने बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखाया। इसके पहले दिन की कलेक्शन रिपोर्ट सामने आ गई है, तो चलिए नजर डालते हैं ओपनिंग डे कलेक्शन पर... डायरेक्टर अनुभव सिन्हा हमेशा ही अलग तरह की फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं। बॉक्स ऑफिस से उन्हें ज्यादा सरोकार रहता नहीं है। इसी तरह, इस बार भी उन्होंने कोरोना महामारी के हाहाकार को पर्दे पर उतारा है। कैसे सरकार के लॉकडाउन की घोषणा के बाद पूरे देश में मजदूर और कामगारों का पलायन शुरू हो गया था। लोगों ने तपती दोपहरी में जलती डामर की सड़कों को नंगे पैरों से नापा था। सैकड़ों मील चलने के बाद कुछ ऐसे भी थे जिन्होंने सड़क पर ही दम तोड़ दिया। फिल्म में लंबी चौड़ी स्टारकास्ट है। लेकिन राजकुमार कुमार राव, भूमि पेडनेकर, संजय मिश्रा, दिया मिर्जा जैसे अभिनेता भी लोगों को सिनेमाघरों तक खींचने में नाकाम रहे। पहले दिन फिल्म ने 15 लाख का बिजनेस किया है। ग्रॉस कलेक्शन 18 लाख का रहा है। सिनेमाघरों में 5.48 प्रतिशत की ऑक्यूपेंसी दर्ज की गई और नाइट शोज में दर्शकों की संख्या थोड़ी ज्यादा रही। फिल्म में साल 2020 के जिस भयानक मंजर का जिक्र है, लगता है कि लोग भी उसे भूल जाना चाहते हैं। तभी तो सिनेमाघर खाली पड़े रहे। लोग जिस दर्द को भूलकर आगे बढ़ चुके हैं, उसे दोबारा देखने में दिलचस्पी कोई नहीं दिखा रहा।

# तू झूठी मैं मक्कार' का बजा डंका, 200 करोड़ क्लब में शामिल होने के करीब पहुंची फिल्म

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर को लेते हुए बनी फिल्म 'तू झूठी मैं मक्कार' बॉक्स ऑफिस पर अच्छा रिस्पांस दे रही है। मूवी में दोनों कलाकारों की केमेस्ट्री काफी वीकेंड का फायदा मिला। जबकि, दूसरे हफ्ते में गुड़ी पड़वी की छुट्टी के कारण बुधवार को थोड़ी गिरावट जरूर देखी गई, लेकिन ओवरऑल कलेक्शन में फायदा जरूर मिला।तू झूठी मैं मक्कार' रणबीर कपूर की



पसंद की गई। इनकी एक्टिंग से लेकर स्क्रीनप्ले, डायरेक्शन, गाने और कॉमेडी सब कुछ काफी पसंद किया जा रहा है। यही वजह है कि मूवी ने कम दिनों में ही 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया, और अब यह फिल्म तेजी से 180 करोड़ कमाने की ओर बढ़ रही है। लव रंजन के निर्देशन में बनी यह फिल्म पहले हफ्ते के बाद दूसरे हफ्ते में भी बॉक्स ऑफिस पर अपनी शानदार पकड़ को बनाए रही। अब तीसरे हफ्ते की शुरुआत हो चुकी है, जिसके शुरुआती संतोषजनक हैं। गुरुवार 23 मार्च को फिल्म ने दो करोड़ का नेट कलेक्शन किया। होली के मौके पर रिलीज हुई इस फिल्म को पहले हफ्ते में एक्सटेंडेड छठी 100 करोड़ कमाने वाली फिल्म है। शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक, फिल्म ने 17वें दिन यानी कि शुक्रवार 24 मार्च को 1.19 करोड़ का घरेलू कलेक्शन किया। वहीं, अगर फिल्म के टोटल नेट कलेक्शन की बात करें, तो बॉक्स ऑफिस वर्ल्डवाइड की रिपोर्ट के अनुसार, यह आंकड़ा 119.39 करोड़ हो गया है।'तू झूठी मैं मक्कार' न सिर्फ घरेलू बॉक्स ऑफिस पर, बल्कि विदेशी सिनेमा हॉल में भी अधिक संख्या में दर्शक जुटा पाने में कामयाब रही है। वर्ल्डवाइड यह फिल्म 200 करोड़ क्लब में एंट्री करने से बस थोड़ी ही दूरी पर है। 17वें दिन तक फिल्म का वर्ल्डवाइड बिजनेस 1.25 करोड़ पर आकर थमा।

# चार भाषाओं में 1400 से अधिक स्क्रींस पर रिलीज हुई 'जॉन विक 4', जोरदार ओपनिंग का अनुमान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** किआनु रीव्स अभिनीत एक्शन थ्रिलर 'जॉन विक चैप्टर 4' शुक्रवार को सिनेमाघरों में पहुंच गयी है। इससे पहले गुरुवार को फिल्म के पेड प्रीव्यूज हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में 1448 स्क्रींस पर रिलीज की गयी। पीवीआर आइनॉक्स में फिल्म के एक लाख से अधिक टिकट बिक चुके हैं। ऐसे में अनुमान है कि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन 10 होगी। गुरुवार को 'जॉन विक 4' के पेड-प्रीव्यूज के आंकड़े काफी उत्साहवर्द्धक रहे। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म ने 2.25-2.50 करोड़ के बीच इस स्क्रीनिंग से बटोरे हैं। चैड स्टैहेल्स्की निर्देशित




रखे गये थे, जिससे ठीकठाक कलेक्शन हुआ था। ट्रेड जानकारों के अनुसार, 'जॉन विक 4' पहले दिन अपनी कमाई से चौंका सकती है और डबल डिजिट्स में ओपनिंग ले सकती है। लायंसगेट की फिल्म शुक्रवार को अंग्रेजी के अलावा हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में 1448 स्क्रींस पर रिलीज की गयी। पीवीआर आइनॉक्स में फिल्म के एक लाख से अधिक टिकट बिक चुके हैं। ऐसे में अनुमान है कि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन 10 करोड़ तक का शानदार कलेक्शन कर सकती है। लायंसगेट की फिल्म शुक्रवार को अंग्रेजी के अलावा करोड़ तक का शानदार कलेक्शन कर सकती है। अगर इस साल रिलीज हुई हॉलीवुड फिल्मों की बात करें तो जनवरी से अब तक लगभग 10 फिल्में आ चुकी हैं, जिनमें से मारवल की 'एंटमैन एंड द वास्प-क्वांटमेनिया', डीसी की 'शजाम-फ्यूरी ऑफ गॉड्स', 'प्लेन' और 'मेगन' चर्चित रहीं। इन फिल्मों में भी सिर्फ 'एंटमैन एंड द वास्ट-क्वांटमेनिया' ने 8.25 करोड़ की ओपनिंग ली थी और 42 करोड़ का लाइफ टाइम कलेक्शन किया था। अगर 'जॉन विक 4' को लेकर किया गया दावा सही होता है तो किसी हॉलीवुड फिल्म के लिए यह पहली तिमाही की सबसे बड़ी ओपनिंग फिल्म में किआनु के अलावा डोनी येन, बिल स्कार्सगार्ड, लॉरेंस फिशबर्न, हिरोयूकी सैनाडा, शमीर एंडरसन, लांस रेडिक ने अहम किरदार निभाये हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बात करें तो जॉन विक 4 अमेरिका में 75 मिलियन डॉलर्स (लगभग 617 करोड़ रुपये) ओपनिंग वीकेंड में जमा कर सकती है, जो फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म से लगभग 30 फीसदी अधिक है। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि फ्रेंचाइजी की यह पहली फिल्म होगी, जो अमेरिका में घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 200 मिलियन डॉलर से और वर्ल्डवाइड 400 मिलियन डॉलर से अधिक जमा कर लेगी।

# हेली बीबर को मिल रही है जान से मारने की धमकियां, फैंस से की शांत रहने की अपील

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** हॉलीवुड एक्ट्रेस सेलेना गोम्स ने खुलासा किया है कि हेली बीबर को जान से मारने की धमकी यह भी कहा कि वह किसी भी प्रकार की नेगेटिविटी और तनाव का समर्थन नहीं करती।सेलेना गोम्स ने इंस्टाग्राम पर लिखा है, 'हेली जस्टिन बीबर से शादी की है। सोशल मीडिया पर इस बात के कयास लगाए जा रहे हैं कि हेली एक मतलबी लड़की है और उन्होंने



मिल रही है। सेलेना गोम्स इसके बाद हेली बीबर के बचाव में आगे आई हैं। उन्होंने अपने फैंस से आवाहन किया है कि वह इस बात का कयास लगाना बंद करें कि दोनों के बीच लड़ाई चल रही है। सेलेना गोम्स ने इस बात का भी खुलासा किया कि हेली बीबर उनके संपर्क में हैं और उन्होंने उन्हें इस बात की जानकारी दी है कि उन्हें जान से मारने की धमकी दी जा रही है। सेलेना गोम्स ने अपने फैंस से इसे रोकने की अपील की है। उन्होंने बीबर ने मुझसे बात की है और उन्होंने बताया है कि उन्हें जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। वहीं, उन्हें बहुत ज्यादा हेटफुल और नेगेटिव कमेंट भी मिल रहे हैं। मैं इसका समर्थन नहीं करती हूं। किसी को भी नफरत का अनुभव नहीं होना चाहिए। मैं हमेशा दया भाव रखती हूं और मैं चाहती हूं यह सब रुक जाए।' इसके साथ उन्होंने दिल की इमोजी शेयर की है।गौरतलब है कि हेली बीबर ने सेलेना गोम्स के एक्स-ब्वॉयफ्रेंड सेलेना गोम्स को ठीक से ट्रीट नहीं किया है। सेलेना गोम्स के फैंस को यह बात पसंद नहीं आई और उन्होंने हेली बीबर को ट्रोल करना शुरू कर दिया था। पिछले वर्ष सेलेना गोम्स और हेली बीबर की मुलाकात एकेडमी म्यूजियम मेट गाला पर भी हुई थी। सेलेना गोम्स हॉलीवुड एक्ट्रेस है। उन्होंने कई फिल्मों में काम किया है। वह अक्सर अपनी बोल्ड तस्वीरें और वीडियो भी शेयर करती है। वह कई फिल्मों में नजर आनेवाली है।

# दीपिका पादुकोण, रानी मुखर्जी, विद्या बालन ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** फिल्म निर्देशक प्रदीप सरकार का मुंबई में 67 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। इसके बाद उन्हें श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लग गया था। बॉलीवुड के कई कलाकारों ने व्यक्तिगत तौर पर भी उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके अंतिम दर्शन भी किए। इनमें दीपिका पादुकोण, रानी मुखर्जी, विद्या बालन जैसे कलाकार शामिल हैं। प्रदीप सरकार का मुंबई के लीलावती अस्पताल में निधन हो गया। उनकी पत्नी पांचाली ने इस बात की जानकारी




पीटीआई को दी। फिल्म निर्देशक विवेक अग्निहोत्री ने ट्विटर पर एक स्टेटमेंट जारी करते हुए लिखा, 'दादा का निधन हो गया है। हम यह भारी मन से आपको सूचना दे रहे हैं। सांताक्रुज के हिंदू श्मशान भूमि में शाम 4:00 बजे उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा, वहां आकर उन्हें अंतिम गुड बाय कहे।' इसके बाद उन्हें श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लग गया। एक्ट्रेस विद्या बालन ने परिणीता फिल्म से डेब्यू किया था। इस फिल्म का निर्देशन प्रदीप सरकार ने किया था। फिल्म में सैफ अली खान और संजय दत्त की भी अहम भूमिका थी। वहीं, सांताक्रुज श्मशान भूमि में दीपिका पादुकोण, सिद्धार्थ राय कपूर, रानी मुखर्जी, दीया मिर्जा, विधु विनोद चोपड़ा, रिया चक्रवर्ती, नील नितिन मुकेश, गजराज राव जैसे लोग भी नजर आए। एक्ट्रेस रानी मुखर्जी ने प्रदीप सरकार के साथ लागा चुनरी में दाग और मर्दानी में काम किया था। उन्होंने कुछ दिन पहले ही प्रदीप सरकार से बात की थी। उन्होंने उन्हें मिसेज चैटर्जी वर्सेस नॉर्वे के लिए बधाई दी थी। पीटीआई को दिए इंटरव्यू में रानी मुखर्जी कहती हैं, 'मैं दादा के निधन से सदमे में हूं। कुछ दिन पहले ही उन्होंने मुझे शुभकामनाएं दी थी।

# बेबी अडॉप्ट करना चाहती हैं 'कांटा लगा' गर्ल शेफाली जरीवाला, कहा- लंबा है प्रोसेस, लग जाता है चार साल का समय

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** 'कांटा लगा' गर्ल शेफाली जरीवाला इस गाने पर परफॉर्म करने के बाद से ही काफी फेमस हो गईं। इस सॉन्ग ने एक्ट्रेस को रातोंरात स्टार बना दिया। जब यह गाना रिलीज हुआ था, तो हर किसी की जुबान पर इसी गाने के बोल रहते थे। शेफाली जरीवाला इस गानो फेमस तो हो गईं, लेकिन पिछले काफी समय से वह स्क्रीन से गायब हैं। एक्ट्रेस इन दिनों बेबी अडॉप्ट करने की खबरों को लेकर सुर्खियों में हैं। शेफाली जरीवाला ने सरोगेसी से इनकार किया है। उनका कहना है कि वह बच्चा अडॉप्ट कर सकती हैं। यह प्रक्रिया काफी लंबी है और बिल्कुल भी आसान नहीं। जेनेटिक लिंकेज की परवाह नहीं-शेफाली जरीवाला टाइम्स ऑफ इंडिया को दिए इंटरव्यू में शेफाली ने बताया कि वह पहले भी




बेबी अडॉप्ट करने पर अपनी राय रख चुकी हैं। उन्होंने कहा, ठमैं सच में फैमिली शुरू करना चाहती हूं। बाहरी दुनिया में कितने ही बच्चे हैं, जो अनाथ हैं, जिन्हें घर की जरूरत है। मैं और पराग, हम दोनों ही जेनेटिक लिंकेज की परवाह नहीं करते।ठएक्ट्रेस ने कहा कि बच्चे अडॉप्ट करने की लीगल प्रक्रिया काफी लंबी है। इस पूरे प्रोसेस में करीब चार साल लग जाते हैं। जब मैं और पराग सोच रहे थे कि हम दोनों को नन्हा मेहमान मिलने वाला है, तभी कोविड-19 आ गया। कई चीजें बदलीं और प्रोसेस भी रुक गया। शेफाली ने कहा की दुनिया में बच्चों से ज्यादा पेरेंट्स हैं, जो उन्हें गोद लेना चाहते हैं। बच्चा गोद लेने की प्रक्रिया में समय लगता है, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि यह सब जल्दी ही पूरा होगा और वह मां बन पाएंगीं। गौरतलब है कि पराग त्यागी के साथ शेफाली जरीवाला की दूसरी शादी है। एक्ट्रेस की पहली शादी ज्यादा लंबी नहीं चल सकी।

# यूके में बिगड़ी 'बाहुबली' सिंगर जयश्री रामनाथ की तबीयत, इस गंभीर बीमारी का हुई शिकार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** देश की अलग-अलग फिल्म इंडस्ट्री की फिल्मों में एक से बढ़कर एक सॉन्ग्स गाने वाली जानी मानी संगीतकार बॉम्बे जयश्री रामनाथ को यूके की यात्रा के दौरान 'स्वास्थ्य झटका' लगा। अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर उन्होंने खुद इस बात की जानकारी शेयर की है। बता दें कि जयश्री रामनाथ यूके में म्यूजिक टूर पर हैं। संगीत कार्यक्रमों में दौरे के दौरान ही उन्हें इस तरह की परेशानी हुई। हालांकि, उन्हें नेशनल हेल्थ सर्विस की ओर से समय से मेडिकल ट्रीटमेंट दिया गया, और अब उनकी तबीयत बेहतर है। पद्मश्री से सम्मानित की जा चुकीं संगीतकार जयश्री रामनाथ फिलहाल स्टेबल कंडीशन में हैं। उनके परिवार की तरफ से यह अपील की गई है कि सोशल मीडिया पर फैलाई जाने वाली किसी भी तरह की भ्रामक खबरों पर ध्यान न दिया जाए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एन्यूरिज्म नाम की बीमारी के लिए जयश्री रामनाथ की छोटीसी सर्जरी की गई। एन्यूरिज्म को हिंदी में धमनी विस्फार या धमनीस्फीती भी कहते हैं। यह एक ऐसी बीमारी है, जो कि आमतौर पर मस्तिष्क, पैर और पेट में होती है। जयश्री रामनाथ ने फिल्म इंडस्ट्री को अपनी खूबसूरत आवाज में कई बेहतरीन गाने दिए हैं। उन्होंने फिल्म 'रहना है तेरे दिल में' के आइकॉनिक सॉन्ग 'जरा जरा बहकता है' को अपनी आवाज दी है। इसके अलावा बाहुबली के फेमस सॉन्ग 'ममता से भरी' को भी जयश्री रामनाथ ने ही गाया है। उन्होंने छह हिंदी फिल्मों में गाने गाए हैं। इसके साथ ही जयश्री तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम फिल्मों में भी गाने गाती आई हैं। उनके यादगार गीतों की लिस्ट में 2006 की तमिल फिल्म 'वेटैयाडु विलाय्याडु' से 'पार्थ मुधल', 2008 की 'धाम धूम' से 'यारो मनाथिले' जैसे गाने भी शामिल हैं। हाल ही में उन्हें संगीत कलानिधी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। यह पुरस्कार कर्नाटक संगीत के क्षेत्र में सबसे प्रतिष्ठित और उच्चतम श्रेणी का पुरस्कार माना जाता है।



स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक
डा0 दीपक अरोरा द्वारा
रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए
बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज
(उ.प्र.) 211002 से मुद्रित
एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी
औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज।
(उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।